हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 18 दिसंबर 2024


तापमान

अधिकतम 29.4 डिग्री

न्यूनतम 08.2 डिग्री


13 सतनामी समाज के लोगों ने निकाली शोभायात्रा





16 12 हजार घरों के कटे बिजली कनेक्शन






## डीपीएस दुर्ग का स्पोर्ट्स डे सैलिब्रेशन, अरावली, नीलगिरि, शिवालिक एवं विंध्याचल सदनों की प्रस्तुतियों ने मनमोहा...





**भिलाई।** डीपीएस जुनवानी दुर्ग का स्पोर्ट्स डे सैलिब्रेशन का मंगलवार को आगाज हुआ। इस अवसर पर स्कूल के छोटे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। बच्चे अलग-अलग फूलों, सब्जियों और फलों का भेष धरकर कतारों में नजर आए। इस दौरान उन्होंने योग कर बेहतर स्वास्थ्य का संदेश दिया। उन्होंने योग के जरिए निरोगी रहने के लिए लोगों को जागरूक किया। आयोजन में दुर्ग पुलिस रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग, डीपीएस कमेटी के मैनेजिंग मेंबर एचएस बत्रा, सात्विक सिंधु प्रमुख रूप से मौजूद थे। आईजी रामगोपाल ने मार्च पास्ट में सलामी ली। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य यशपाल शर्मा ने बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन में मंगलवार को नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के बच्चों, पालकों और टीचर्स के लिए अलग-अलग तरह की दौड़ और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेताओं को सम्मानित किया गया। रंगारंग कार्यक्रम में विद्यालय के अरावली, नीलगिरि, शिवालिक एवं विंध्याचल सदनों ने अपनी प्रस्तुति दी। 18 दिसंबर को कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सुंदरकांड पाठ 23 को

**भिलाई।** न्यू खुर्सीपार स्थित गुरुद्वारा के पीछे संपतलाल धुवे, प्रवीण धुवे, भूमिका धुवे के निवास में 23 दिसंबर को सुंदरकांड पाठ का आयोजन है। इस दौरान सुबह 11 बजे से 2 बजे तक इसके बाद भगवान हनुमान जी का भोग दोपहर 2 से 5 तक रहेगा। पाठ कान्हा महाराज और देवा महाराज के द्वारा किया जाएगा।

### 80 बोरा धान की चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** सहकारी समिति के गोदाम से धान चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम घोठा निवासी सहकारी समिती ग्राम घोठा में सहयाक प्रबंधक राजू लाल पटेल ने शिकायत किया कि धान खरीदी केन्द्र ग्राम हिरेतरा में 14 नवंबर से धान खरीदी शुरु हुआ। जहां किसानों का धान खरीदी कर धान के बोरो को लाट के रूप में रखा जा है। एक लाट में करीबन 2500 बोरो की संख्या होता है। 13 दिसंबर की शाम लाट में रखे धान बोरो के मिलान करने के बाद मंडी के चौकीदारों को बताकर आफिस काम से दूसरी सोसायटी ग्राम घोठा धान खरीदी केन्द्र चला गया था। सोमवार सुबह धान खरीदी केंद्र हिरेतरा धान लाटो का निरीक्षण करने चौकीदार युवराज वर्मा, तामरज साहू के साथ जाकर देखा। जहां से धान का बोरा लाटो में से एक लाट में धान बोरा की दो-तीन लाइन कम दिखाई दिया। गिनती कर मिलान करने पर 2500 बोरा में से करीब 80 बोरा धान गायब मिला। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घटियाखुर्द नंदिनी हाल में ग्राम बिरझापुर निवासी करण पारधी, रघु पारधी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने घटना को करना स्वीकार किया। पुलिस ने पांच बोरा धान, बाइक को जब्त दिया है।

### नर्सरी व प्राइमरी के बच्चों को स्कूल से राहत दिलाने की दरकार

# ठिठुरते हुए स्कूल जा रहे हैं बच्चे, सेहत पर हो रहा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ठिठुरती ठंड में भी छोटे बच्चे स्कूलों में पढ़ने के लिए जा रहे हैं। नर्सरी और प्राइमरी के बच्चों को अलसुबह स्कूल जाने के लिए उठना पड़ रहा है। इससे कोल्ड वार का जोखिम है। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने शीतकालीन अवकाश 23 दिसंबर से घोषित किया है। इस हिसाब से सप्ताहभर का समय है। मौसम विभाग की चेतावनी है कि आने वाले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी और ठंड की चपेट में छत्तीसगढ़ प्रदेश आ सकता है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए पालकों ने छोटे बच्चों का शीतकालीन अवकाश तत्काल देने की मांग भी उठाई है।

हरिभूमि सरोकार



### प्राइवेट स्कूलों के बच्चों की दिक्कतें बढ़ी

दुर्ग जिले में सरकारी स्कूलों के प्राइमरी यानी पहली से पांचवी तक अध्ययनरत बच्चों का स्कूल समय सुबह 10 बजे हैं। इसलिए सरकारी स्कूल के बच्चों को ठंड का असर नहीं पड़ रहा है। वहीं निजी स्कूलों में नर्सरी और प्राइमरी क्लास के बच्चों के लिए सुबह पाली निर्धारित है। भिलाई-दुर्ग में सर्वाधिक प्राइवेट स्कूल हैं। जहां बच्चों को सुबह 7 और 7.30 बजे ही क्लास के लिए पहुंचना पड़ता है।

### सुबह पांच बजे से बच्चों की तैयारी

नर्सरी और प्राइमरी प्राइवेट स्कूल के बच्चों के लिए उनके पालकों को सुबह 5 बजे से ही उठकर तैयारी करनी पड़ती है। विशेषकर महिलाओं को। महिलाएं बताती हैं कि सुबह 5 बजे स्वयं उठती हैं। उसके बाद टिफीन तैयार करते हैं। बच्चों को इस ठंड के दौरान अलसुबह उठाना और उसे तैयार करने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। बच्चों को तैयार करने के बाद उन्हे स्कूल बसों तक ले जाने में ही 20 से 30 मिनट लग जाते हैं। सुबह ठंडी इतनी बढ़ गई है कि बच्चे रोने लगे हैं। स्कूल जाने के लिए तैयार नहीं होते। जबर्दस्ती बच्चों को भेज रहे हैं।

### सर्दी, खांसी व जुकाम की शिकायतें

इन दिनों प्राइवेट स्कूलों में बच्चों की कई गतिविधियां भी चलाई जा रही है। मसलन खेलकूद, वार्षिक उत्सव के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी है।पालकों का कहना है कि नर्सरी व प्राइमरी क्लास के बच्चों को बढ़ती ठंड को देखते हुए स्कूल नहीं बुलाना चाहिए। ऐसे आयोजन स्कूल प्रबंधकों को हर साल दिसंबर के पहले सप्ताह में ही निर्धारित कर लें। जिससे छोटे बच्चों की सेहत बिगड़ने का खतरा न हो। छोटे बच्चों को सर्दी, खांसी, जुकाम की शिकायतें हैं।

### बच्चों को दें तत्काल अवकाश

भिलाई निगम पार्षद एवं एमआईसी सदस्य साकेत चंद्राकर, अजीत जोगी युवा मोर्चा दुर्ग संभाग अध्यक्ष अनुरूद्ध वर्मा, पालक संघ जिलाध्यक्ष नासिर खोखर, पालक तीरथ निषाद, रवि साहू, हिमांशु साहू, राजाराम यादव, रामाकांत तिवारी आदि ने कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी से स्कूलों में टाइमिंग में बदलाव की मांग की है। पालकों ने कहा है कि ठंड बढ़ने के कारण स्कूलों के बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य की परेशानी भी हो रही है। मौसम में तापमान की गिरावट से ठंड बढ़ता जा रहा है। ऐसे में क्षेत्र के सभी शाला विशेष कर प्राथमिक एवं नर्सरी कक्षा के बच्चों को शीतकालीन अवकाश में स्कूलों में नहीं बुलाना चाहिए।

#### डॉक्टर की राय

### बच्चों में बढ़ी मौसमी बीमारी



डॉ. एसके शर्मा बताते हैं कि इन दिनों ठंड की वजह से छोटे बच्चों में सर्दी, खांसी, बुखार, निमोनिया, ब्रोकाईटिस, विंटर डायरिया की सबसे ज्यादा शिकायतें मिल रही है। इसलिए बच्चों को सुबह ठंड से बचाना बेहद जरूरी है। स्कूल भेजते समय बच्चों का मुंह व कान खुला न रखें। डबल स्वेटर पहनाएं। हाथ में भी ऊन के दस्ताने का उपयोग करना चाहिए। बच्चों को पौष्टिकयुक्त आहार दें। फास्ट फूड, जंक फूड का सेवन बिलकुल न करने दें।

#### मौसम वैज्ञानिक

### न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस नीचे



दुर्ग जिले का न्यूनतम तापमान मंगलवार को 8.2 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से 5.1 डिग्री सेल्सियस नीचे है। मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा बताते हैं कि ैश्चिमी विक्षोभ भारतीय क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। साथ ही एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना हुआ है, इसके और अधिक प्रबल हो सकता है।

#### डीईओ ने यह कहा

### पालकों की मांग पर उच्च अधिकारियों से करेंगे चर्चा



बढ़ती ठंड में नर्सरी व प्राइमरी क्लास के बच्चों को शीतकालीन अवकाश की घोषणा 23 से 28 दिसंबर तक छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने की है। इसके पहले अवकाश की मांग पालकों द्वारा की जाती है तो इस पर उच्चाधिकारियों से चर्चा करेंगे।

**-अरविंद मिश्रा**, डीईओ दुर्ग

# दो लॉज में मिले 29 संदिग्ध, सील की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- बिना किसी सूचना के लोगों को आश्रय दिया था



दो लॉजों में संदिग्धों के रुकने की सूचना पर पुलिस ने दबिश दिया। जहां बिना सूचना के बाहरी लोगों को लॉज में आश्रय दिया गया था। पुलिस ने धारा 128 बीएनएस के तहत कार्रवाई किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि पावर हाउस स्थित अपना केसरी लॉज और केसरी लॉज में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर पुलिस की टीम ने दबिश दिया। लॉज में रूके व्यक्तियों की जांच की गई मैनेजर ने बाहरी लोगों को लॉज में आश्रय देना पाया गया। इसे लेकर कोई भी सूचना थाना छावनी में नहीं दी गई। न ही बाहरी व्यक्ति जो लॉज में रूके हुए थे, उनके व्दारा भी थाना में अपनी मुसाफिरी दर्ज कराना नहीं पाया गया। रजिस्टर चेक करने पर रूके हुए लोगों की जांच में कोई भी पुख्ता जानकारी अंकित नहीं पाया गया। लॉज से 29 संदिग्ध मिले। जिसमें पुणे महाराष्ट्र का 1, दरभंगा (बिहार) के 6, सिरसा कछार-1, मानुपुरोवा-1, इलाहाबाद-6, बदुपुर-1, गोपालगंज-1 तारा धुरपुर-1 सुल्तानपुर-3, गंज शादीपुर1 (उत्तर प्रदेश), मेदीनापुर-1, बादकुल्ला नोडिया-1, छोटा फुलगाछी वर्धमान-1, नोडिया पलासीपारा से-1 (पश्चिम बंगाल) एवं बोकारो-3 (झारखण्ड) लॉज में पाए गए। केसरी लॉज मैनेजर संजीव गुप्ताऔर अपना केसरी लॉज के मैनेजर हर्षदीप सिंह के खिलाफ भी धारा 170 बीएनएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। लॉज में संदिग्ध गतिविधियां संचालित करने को लेकर थाना प्रभारी छावनी व्दारा अनुविभागीय दण्डाधिकारी को अपना केसरी लॉज व केसरी लॉज को सील किए जाने प्रतिवेदन भेजा जा रहा है। टीम में सीएसपी हरिश पाटिल, डीएसपी क्राइम हेमप्रकाश नायक, निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय, निरीक्षक महेश ध्रुव, निरीक्षक अम्बर सिंह भारद्वाज, क्राइम प्रभारी तापेश्वर सिंह नेताम, उप निरीक्षक वरूण देवता समेत रक्षा टीम मौजूद थी।

### 31 दिसंबर तक पीएम आवास को पूरा करें

**भिलाई।** नपानिभि क्षेत्र में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना को देखने के लिए पुनः आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय दौरा किए। पूर्व में दिए गये निर्देशो के अनुसार कार्य के प्रगति की समीक्षा किए। मकान बनाने वाली एजेंसी को निर्देशित किए है कि 31 दिसम्बर तक जिन ब्लॉको की लाटरी हो चुकी है, उसके हितग्राही 50 प्रतिशत तक राशि जमा कर चुके है। उन मकानो के ब्लाक को समय अवधि में पूर्ण करें। जिससे हितग्राहियो को समय अवधि के अंदर मकान में शिफ्ट किया जा सके। अभी वर्तमान में 210 मकान एन.आर. स्टेट, 1120 मकान सूर्या विहार के पीछे चंद्रनिर्माण एजेंसी, 322 मकान कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे विनोद जैन एजेंसी के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है। ननि के संबंधित अभियंता एवं एजेंसी के अधिकारियो को भी बुलाया गया था।

### फैक्ट्री में हादसा, मजदूर की मौत

**भिलाई।** फैक्ट्री में काम कर रहे एक मजदूर की हादसे में मौत होने का मामला सामने आया है। उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र फौजी नगर में स्थित न्यूटेक फाउंड्री नामक फैक्ट्री में मजदूर प्रीतराम साहू काम करता था। हादसे में उसकी मौत हो गई। खबर लगने पर परिजनों ने मुआवजे की मांग कंपनी प्रबंधन से करने पहुंचे। परिजनों को फैक्ट्री मालिक की ओर से 2 लाख रुपए का मुआवजा राशि दिया गया। शेष दुर्घटना राशि का भुगतान लेबर आफिस के माध्यम किए जाने पर सहमति बनी। 16 दिसंबर को न्यूटेक फाउंड्री में काम करते समय मजदूर प्रीतराम साहू गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे बीएम शाह अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया था। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फैक्ट्री में 200 मजदूर काम करते हैं। जिसमें से ज्यादातर को ईएसआई और पीएफ की सुविधा नहीं मिल रही है। श्रमिक नेता प्रभुनाथ मिश्रा की पहल पर परिजनों को मुआवजा मिल पाया।


सस्ता सस्ता सस्ता

न्यु ओम ज्वेलर्स

शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध

जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने

अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध

आज ही पधारें

- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बैग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री

शर्तें लागू

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग


#### सांसद ने की एमएसएमई मंत्री मांझी से चर्चा

# बीएसपी से नहीं मिल रहा उद्योगों को पर्याप्त काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सांसद विजय बघेल ने दिल्ली में मिनिस्टर ऑफ़ हैवी इंडस्ट्रीज मंत्री जीतन राम मांझी से मिले। उनके समक्ष एमएसएमई उद्योगों की समस्याएं रखी। बिंदुवार रखी समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की। सांसद बघेल ने बताया कि एमएसएमई को भिलाई स्टील प्लांट से पर्याप्त काम नहीं मिल रहा है। एमएसएमई को प्राथमिकता से काम मिलना चाहिए। सांसद बघेल ने कहा कि एमएसएमई उद्योग संघ की हर तीन महीने में एक मीटिंग भिलाई स्टील प्लांट के उच्च अधिकारियों के साथ होनी चाहिए, ताकि कोई भी परेशानी हो उसका समय पर हल निकाला जा सके। एमएसएमई को किसी भी प्लांट में नए प्रोजेक्ट्स में एंट्री मिलनी चाहिए। बड़े प्रोजेक्ट्स में अगर किसी बाहर की बड़ी पार्टी को नियुक्त हो जैसे जिंदल स्टील, मित्तल स्टील, या और किसी भी पार्टी को तो उसे निर्देश दिए जाए की लोकल एमएसएमई को वो काम आउटफ्लो करें, ताकि एमएसएमई के पास भरपूर काम रहे।



### सख्त कानून बनाया जाए

सांसद बघेल ने कहा कि इस लोन को एमएसएमइ को टाइम पे देने में उद्योग और आगे बढ़ेंगे। कॉर्पोरेट प्राइवेट प्लांट्स एमएसएमई की पेमेंट्स बहुत डिले से देते है या कई बार ऐसा भी होता है की ऑर्डर देने के बाद मटेरियल बनने के बाद मटेरियल टाइम पे लिफ्ट नहीं करते। जिस कारण एमएसएमई उद्योगों को बहुत लॉस होता है और वह समय पर बैंक का ब्याज एवं अपने छोटे वेंडर्स को समय पर पेमेंट नहीं दे पाते। इसके लिए सख्त कानून बनाया जाए ताकि कॉर्पोरेट प्राइवेट प्लांट्स में भय रहे। और वह एमएसएमई को पेमेंट टाइम पे दें। समय पर फिनिश्ड मटेरियल लिफ्ट करें। इससे एमएसएमई उद्योग और आगे बढ़ेंगे।

### रजिस्ट्रेशन प्रोसेस आसान रहे

सांसद बघेल ने बताया कि रेलवेज में रजिस्ट्रेशन के लिए बहुत मशक्कत करनी पड़ती है। मशक्कत के बाद वो रजिस्ट्रेशन नहीं करवा पाते । एमएसएमई को रेलवेज में रजिस्ट्रेशन के लिए प्रिविलेज दिया जाए और एमएसएमई के लिए रजिस्ट्रेशन प्रोसेस आसान रहे। कोई भी रनिंग एमएसएमई को बैंक्स प्रॉपर सपोर्ट करें अगर कोई रनिंग एमएसएमई नया प्रोजेक्ट लाना चाहे तो बैंक लेस पेपर वर्क और लेस रेट ऑफ़ इंटरेस्ट में लोन दिया जाए। सीजीटीएमएसई लोन जो की बैंक्स बहुत कठनाई से देते बहुत ज्यादा पेपर वर्क लेने के बावजूद टाइम पे नहीं देते इस लोन को आसान तरीके से बैंको को एमएसएमइ को प्रोवाइड करना चाहिए जो की बैंक्स नहीं देती।

### दुर्ग अजमेर सहित 4 ट्रेनें रद्द

**भिलाई।** पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा रेल मण्डल के अंतर्गत कोटा स्टेशन में ट्रेनों का भारी दबाव को कम करने के लिए कुछ ट्रेनों का मार्ग बदल कर गुड़ला-सोगरिया कॉर्डलिंग के रास्ते से रवाना किया जाएगा। कोटा रेलवे स्टेशन के स्थान पर अब सोगरिया में ठहराव उपलब्ध रहेगा। कटनी से जाने पर कोटा से तीन किलोमीटर पहले सोगरिया स्टेशन पड़ता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से कटनी, गुना होकर पहुचने वाली सभी ट्रेनों को सोगरिया गुड़ला जंक्शन होकर रवाना की जाएगी। ट्रेने 2 जनवरी से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली चार जोड़ी ट्रेनों को कोटा के स्थान पर यह ट्रेन सोगरिया रेलवे स्टेशन होकर चलेगी। जिसके तहत 7 जनवरी 2025 से 18208 अजमेर-दुर्ग साप्ताहिक एक्सप्रेस, 6 जनवरी से 18214 अजमेर-दुर्ग साप्ताहिक एक्सप्रेस, 4 जनवरी से 18574 भगत की कोठी विशाखापटनम साप्ताहिक एक्सप्रेस, 4 जनवरी 20971 उदयपुर-शालीमार साप्ताहिक एक्सप्रेस, 2 जनवरी से 18573 विशाखापटनम- भगत की कोठी साप्ताहिक एक्सप्रेस, 6 जनवरी से 18207 दुर्ग अजमेर साप्ताहिक एक्सप्रेस, 5 जनवरी से 18213 अजमेर दुर्ग साप्ताहिक एक्सप्रेस, 5 जनवरी से 20972 शालीमर-उदयपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस है।


पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301


# परम पुज्य गुरू घासीदास बाबा की 268वीं जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं



























# सेलूद सरपंच की मनमानी से यादव समाज के लोगों में नाराजगी

# यादव समाज ने गौठान को सुरक्षित रखने नारे लगाकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेलूद

ग्राम सेलूद के सर्व यादव समाज के प्रतिनिधि सहित मंगलवार को सैकड़ों की संख्या में ग्राम पंचायत सेलूद पहुंचे। समाज के लोगों ने आक्रोशित होकर ग्राम पंचायत सेलूद के सरपंच की मनमानी नहीं चलेगी की नारे भी लगाते रहे। फिर समाज के लोगों द्वारा सरपंच को ज्ञापन सौंपा गया कि ग्राम पंचायत सेलूद के भाठापारा गोकुलधाम में सर्व यादव समाज का भवन एवं राधा कृष्ण मंदिर है जहां कुछ साल पूर्व खाली मैदान था जिसे अवैध कब्जा से बचाने के लिए यादव समाज ने प्रयास और संघर्ष करने पर ही बाउंड्रीवाल का निर्माण हुआ। इस मांग को पूरा कराने में यादव समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसी स्थल पर वर्तमान में ग्रामहित के आवश्यक समाजिक कार्यक्रम जैसे दशहरा नवरात्रि, सप्ताहिक बाजार, दिवाली, भाईदूज एवं खेलकूद का आयोजन किया जाता है। इस स्थल को ऐसे ही कार्य के लिए सुरक्षित रखा जाय। इसमें किसी प्रकार से अन्य समाज के भवन निर्माण व प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आबंटित न किया जाय की मांग लेकर पहुंचे सर्व यादव समाज ने सरपंच को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौपने वालों में नेतराम यादव अध्यक्ष कोसरिया यादव समाज, ललित यादव उपाध्यक्ष, खोमू यादव सचिव, बिरेन्द्र यादव सहसचिव, जयंत यादव, रोमनाथ, नीरज यादव, नेहरू यादव, दिनेश यादव, चुरामन यादव, तिरीथ यादव, रिखी यादव, ध्रुव कुमार यादव, ताराचंद यादव, भागवत यादव, डगेश यादव, नीरा यादव, मन्टोरा यादव, अमरु यादव, सुमन यादव, विनिता यादव, गोर्वधन यादव, शेखर यादव, शत्रुहन यादव, भारत यादव, बल्ला यादव सहित सैकड़ों की संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थित थे।

■ सर्व यादव समाज के लोग आक्रोशित होकर पहुंचे थे सेलूद पंचायत

**अवैध कब्जा से बचाने यादव समाज की अहम भूमिका रही**




## खबर संक्षेप

### निकुम में घासीदास जयंती आज

**निकुम।** समस्त सतनामी समाज एवं ग्रामवासी निकुम के तत्वावधान में घासीदास की जयंती जीडी नगर निकुम में मनाई जाएगी। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व गृह ंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे। अध्यक्षता ग्राम सरपंच निकुम मुक्ति सुधाकर और विशेष अतिथि जनपद सदस्य रूपेश देशमुख, उपसरपंच मनीष बेलचंदन, डॉ. दिलीप मारकंडे आयोजन में बुधवार 4 बजे शाम सम्मिलित होंगे। वहीं रात्रि 9 बजे मयारू भाई छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी भाटा गांव की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी समिति के प्रमुख नीतू देशलहरे ने दी।

### सेलूद के 24 कुंडीय महायज्ञ की चल रही तैयारी



**सेलूद।** ग्राम सेलूद में आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विराट महिला सम्मेलन और श्रीमद प्रज्ञा महापुराण कथा 2 जनवरी से 5 जनवरी 2025 तक के आयोजन के प्रथम दिवस 2 जनवरी को आदर्श वर्मा छत्तीसगढ़ दक्षिण जोन प्रभारी एवं डॉ. अरुण मढ़रिया डायरेक्टर गायत्री हॉस्पिटल शामिल होंगे। उक्त वक्तागण ने महायज्ञ में आने की स्वीकृति प्रदान किया है। ग्राम सेलूद में सनातन पर्व के अवसर पर भव्य महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। जिसकी व्यापक तैयारी चल रही है। उक्त अतिथियों को आमंत्रित करने के लिए समन्वयक अशोक सिंग, कौशल कुमार आडिल कोषाध्यक्ष, सह संयोजक संजय यदु, अजय सिंग ठाकुर, खेमलाल साहू उपस्थित थे। उक्त जानकारी अतिथि संयोजन प्रभारी ठाकुर अजय सिंग ने प्रदान किया।

### पाटन कॉलेज में ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया




**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर पाटन महाविद्यालय में भूगोल विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा के निर्देशन, मार्गदर्शन में ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा ने सफल कार्यक्रम के लिए अधिकारियों को तथा प्रतियोगिता के विजेताओं-उपविजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर ज्योति कुर्रे एवं मानसी मांडले के प्रभार में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रितेश, मीनल, जयश्री एवं ग्रुप रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रीति यादव और ज्यातिका साहू के प्रभार में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुआ इसमें खिलेश कुमार प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में दीपांजली वर्मा प्रथम रही, निबंध व स्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित हुआ। प्रतियोगिता पश्चात समापन समारोह में बीएम साहू, डॉ. आरके वर्मा के आतिथ्य में विजेताओं उपविजेताओं पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। बीएम साहू ने ऊर्जा के महत्व पर अपने विचार रखे। डॉ. आरके वर्मा ने ऊर्जा संरक्षण के उपायों पर विचार रखा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एसके भारती व आभार डॉ. पुष्पा मिंज ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक, भूगोल विभाग के छात्र-छात्राएं बडी संख्या में उपस्थित थे।

### गुरु घासीदास जयंती पर शोभायात्रा कल

**कुम्हारी।** ग्राम कुगदा कुम्हारी में 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ की लोकप्रिय गायिका चंपा निषाद का रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके अतिरिक्त 19 दिसंबर को ग्रामवासियों के सहयोग से एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन भी किया गया है। यह जानकारी रोहित कुर्रे, खुमान सिंह मारकंडे, राजू मारकंडे, रूपेश कुर्रे, मुकेश चेलक, एवं तेजा डहरिया ने दी।

## धान खरीदी केंद्र में किसानों का गमछा भेंटकर किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| उतई

सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने किसानों का नारियल, किसान गमछा व तिलक लगाकर सम्मान किया। भाजपा सरकार किसानों का एक-एक दाना धान खरीदेगा और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीद रहें। कांग्रेस वालों के पास काम नही इस कारण धान खरीदी में जाकर किसानों को भड़काने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस सरकार ने ही पिछले वर्ष राइस मिलरों का पैसा नहीं दिया इस कारण इस बार राइस मिलरों के द्वारा धान नही उठाया जा रहा है। इस ओर भाजपा सरकार के सहयोग से ही सभी खरीदी केंद्रों में जल्द से जल्द धान का उठाव किया जाएगा। इस अवसर पर अधिकारी, प्रबंधक गिरधर सोनी, रूपनारायण शर्मा, लुमेश्वर चंद्राकर, पुरेंद्र वर्मा, सोनू राजपूत, सतीश चंद्राकर, नरेंद्र साहू, टिकेश्वरी साहू, रेखा वर्मा, टूमन चंद्राकर, राजू साहू, अखिलेश चंद्राकर, दुष्यंत सपहा, संतोष कौशिक, करन देशमुख, मंशा भारती, करण सेन, माधो साहू, चेतन सिन्हा, प्रमोद कंकड़े, शुभम वर्मा, कन्हैया चंद्राकर, शंकर राव, हरीश यादव, दानेश्वरी देशमुख, समिति के कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## सच्ची सेवा कर माटी का कर्ज उतार रहे जन्मभूमि के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेलूद



जन्मभूमि कर्मचारी सेवा समिति सेलूद के तत्वावधान में जन्मभूमि कार्यालय प्रांगण में स्थानीय जनप्रतिनिधि नव नियुक्त कर्मचारी व सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस सम्मान समारोह में 36 लोगों का सम्मान किया गया जो अपने अपने क्षेत्र के लिए विशेष उपलब्धि हासिल कर ग्राम के विकास में अपना योगदान दिया है। इस कार्यक्रम के अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक नंदकुमार तिवारी ने कहा कि मनुष्य के जीवन में बहुत से समय रहते है । जिसमें हम धन और शोहरत कमाते हैं, लेकिन जीवन के अंतिम पडाव में यह काम नहीं आता है । तब हमें अपने जन्मभूमि की याद आती है। मनुष्य माँ बाप की सेवा कर उसका कर्ज गुरु की सेवा कर उसका कर्ज भी उतार सकते हैं लेकिन माटी का कर्ज कैसे उतारे यह प्रश्न हमेशा बना रहता है, लेकिन इस माटी कर्ज को सच्चे तरीके से उतारने का कार्य जन्मभूमि सेवा समिति सेलूद के साथियों द्वारा किया जा रहा है। गाँव के सभी सक्षम लोगों को इस समिति से जुड़ना चाहिए और अन्य गाँव के लोगों को इस समिति से प्रेरणा लेकर ऐसे समिति का निर्माण कर अपनी माटी की सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम को लक्ष्मी नारायण साहू, खिलेश मारकंडे, खेमिन साहू, जवाहर वर्मा, सुरेन्द्र बंछोर, जयश्री वर्मा, सुधीर शर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नंदकुमार तिवारी, अध्यक्षता लक्ष्मी नारायण साहू, विशेष अतिथि दौवाराम वर्मा, अर्जुन सिंह बंछोर, जीवराखन लाल वर्मा, रामजी देवांगन, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा, पाटन जनपद सदस्य खिलेश मारकंडे, सरपंच खेमिन साहू, मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू सहित आदि उपस्थित थे।

■ ग्राम के 36 लोगों का जन्मभूमि कर्मचारी संगठन ने किया सम्मान

### जन्मभूमि कर्मचारी संगठन ने अब तक किए कार्य

जन्मभूमि कर्मचारी सेवा समिति का गठन 5 नवंबर 2017 को किया गया। इस समिति में ग्राम सेलूद में पल बढकर कर्मचारी के रुप में सेवा करने वाले कर्मचारियों के द्वारा समिति का गठन किया गया। इस समिति के उद्देश्य जनहित कार्यों में सहयोग करना ग्राम के विद्यालयों में विकास कार्यों में सहयोग करना। आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान विद्यार्थीयों के विद्या अध्ययन के लिए आर्थिक सहयोग करना। अति आवश्यकता अनुरुप ग्राम विकास के कार्यों में व इलाज के लिए सहयोग करना। इस के द्वारा निम्नलिखित कार्य किया गया जिनमें शासकीय प्राथमिक शाला सेलूद में माइक सेट बच्चों के पढाई लिखाई में सुविधा के लिए भेंट किया गया जिसकी लागत 12200 रुपये। सेलूद शीतला पारा निवासी ओमकुमारी पिता शत्रुहन यादव (पुरुं) को सर्पदंश इलाज के लिए 2000 रुपये दिया गया। देश सेवा में जाने वाले सैनिक को भर्ती के पूर्व 15 दिवसिय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें 50 युवाओं को लाभ मिला। शासकीय प्राथमिक शाला मजार चौक सेलूद के 120 बच्चों को समिति के द्वारा जूता मोजा टाई बेल्ट का वितरण किया गया जिसकी लागत 15499 रुपये है। गांधी चौक सेलूद निवासी रोहित ठाकुर पिता स्वर्गीय मन्नू लाल ठाकुर को बीमारी में इलाज के 3000 रुपये की राशि दिया गया ।ग्राम सेलूद के सेवानिवृत्त बारह कर्मचारियों का नवंबर 2019 में सम्मान किया गया । वहीं विभिन्न प्रकार की सेवाएं संगठन के द्वारा किया गया।

## सतनामी समाज के लोगों ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उतई



18 दिसंबर गुरु घसीदास बाबा के जयंती पर जय सतनाम युवा संदेश व उतई परिक्षेत्र सतनामी समाज के संयुक्त तत्वावधान में भव्य जय सतनाम शोभायात्रा नगर पंचायत उतई में निकाला गया।शोभायात्रा का समाज के नागरिकों ने विभन्न जगह पर बाबा की प्रतीक चिन्ह जैतखंभ का पूजा अर्चना कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

वहीं लोगों को उपदेश देने मनखे मनखे एक समान, जीव हत्या नही करना, मांसाहार नहीं करना, सत्य पर अडिग रहना, मूर्ति पूजा नहीं करना, चोरी से दूर रहना, किसी प्रकार की कोई नशा नहीं करना, जाति पाती के प्रपंच में नहीं पडना, स्त्रियों का सम्मान करना इन संदेशों को जन जन तक पहुंचाने के लिए निकाला गया।

शोभायात्रा के साथ साथ बालिका पंथी दल व बालक पंथी दल शोभायात्रा में मनमोहक पंथी नृत्य करते हुए साथ चल रहे थे जो लोगो के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए जय सतनाम युवा संदेश के अध्यक्ष ओमकार चतुर्वेदी, उमेश पाटिल, लोकेश जोशी, चित्रांशु नोरके, कुंदन मधुकर, जसवंत कुर्रे, सूरज बंदे, संदीप बंजारे, दिवाकर गायकवाड, दिनेश देशलरे, लता सोनवानी, राज सहित आदि ने अपना अमूल्य योगदान दिया।

■ शोभायात्रा में बालिका व बालक पंथी दल ने दी मनमोहक प्रस्तुति

## सुरपा धान खरीदी केंद्र में किसानों का हुआ सम्मान

**जामगांव आर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी विष्णुदेव सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर सेवा सहकारी समिति सुरपा में किसानों का सम्मान समारोह में किया गया। सम्मान समारोह के मुख्यातिथि जामगांव आर मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू थे। अध्यक्षता सोसायटी सुरपा के प्राधिकृत अधिकारी नारद साहू ने किया। मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि भाजपा किसानों की तकलीफ को समझती है किसानों को लाभान्वित करने के लिए ही 3100 रु क्विंटल धान और 21 क्विंटल धान की सीमा निर्धारित किया है। कार्यक्रम में लाल कुमार साहू, अश्वनी साहू, नरेंद्र सेन, टीकाराम साहू, मोहनलाल साहू, देवलाल जोशी, तोरण साहू, डोमार सिंह साहू, पन्नालाल, विनय कुमार साहू, स्टाफ चंदूलाल टंडन प्रभारी, अशोक पटेल, पोषण लाल, प्रमोद साहू, हेमंत पटेल, चौकीदार इत्यादि किसान उपस्थित थे।



## अंचल की खबरें

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम में रक्तदान शिविर



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम में आयोजित विकास खंड स्तरीय रक्तदान कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। इस पुनीत कार्य में भाग लेने वाले रक्तदाताओं को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान स्वयं स्वास्थ्य जांच करवाई और उपस्थित लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में प्रेरित किया। रक्तदान जैसे सेवा कार्य न केवल जरूरतमंदों की मदद करते हैं बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ाते हैं। साथ ही, अस्पताल परिसर में जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया, जिससे आमजन को सस्ती और गुणवत्ता युक्त दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर सरपंच मुक्ति सुधाकर, जीवनदीप सदस्य माधव देशमुख, रोशन देशमुख, विधायक प्रतिनिधि भैया लाल साहू, जीवनदीप सदस्य पंचराम, महामंत्री सोनू राजपूत, भोथली सरपंच सुरेश साहू, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनएल बंजारे, डॉ. संजीव शुक्ला, डॉ. अमरेश श्रीवास्तव, डॉ. तृप्ति तिवारी, अंजूदेव, हरिकिशन, राजेंद्र निर्मलकर, एकलव्य साहू, नोहर लाल देवांगन, गुरुसेवक चक्रधारी, रवि सिरमोर, रोशन सिंह एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी व हॉस्पिटल कर्मचारी उपस्थित थे।

### गातापार स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**जामगांव आर।** शासकीय प्राथमिक शाला गातापार की हेडमास्टर भुनेश्वरी नेताम ने बच्चों को ऊर्जा पार्क और पुरखौती मुक्तांगन रायपुर का भ्रमण कराके बच्चों को बचपन की यादगार यात्रा कराए। विदित हो कि 2 किमी दूर बेल्हारी में आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुलने के बाद अध्यनरत बच्चों की संख्या अच्छी खासी प्रभावित हुई और शासकीय प्राथमिक शाला गातापार में पहली से पांचवीं तक की संख्या पिछले साल मात्र 16 थीं, इस वर्ष संख्या 13 हो गई है। हेडमास्टर कहते है हमे अपने कर्तव्य का निर्वहन करना है बच्चो की संख्या तो गांव के पालकों पर निर्भर करती है। जो यहां आते है मातृत्व स्नेह देते हुए बच्चों का भविष्य संवारने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि स्कूल जीवन की गतिविधियां बुढ़ापे तक यादगार बनती है।अनेकों बच्चे ये यात्रा ना जाने कब कर पाते या नहीं कर पाते ।लेकिन अवसर बना तो बच्चों को लाभ मिल गया।इनकी खुशियां हमारे लिए अनमोल पूंजी बन गई। शैक्षणिक भ्रमण में बच्चों को पूर्ण संरक्षण देने प्रधानपाठक भुनेश्वरी नेताम, शिक्षक जितेन्द्र कुमार चंद्राकर, शिक्षिका पायल साहू, सफाई कर्मचारी देवेंद्र साहू, रसोइया अम्बिका साहू बच्चों के साथ भ्रमण किए।

### महतारी वंदन की लाभार्थियों का किया सम्मान




**अंडा।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके जाम्बुलकर एवं परियोजना अधिकारी उषा झा के मार्गदर्शन मे परियोजना दुर्ग ग्रामीण के सेक्टर महमरा और रसमड़ा में छत्तीसगढ़ शासन के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे महतारी वंदन की लाभार्थियों का सम्मान गुलाल लगाकर किया गया व महिलाओं को विभाग की योजनाओं की जानकारी पर्यवेक्षक शशि रैदास द्वारा दी गईं। कुपोषण के संबंध में चर्चा की गई महिलाओं ने महतारी वंदन योजना की राशि से बेटियों के लिए खाता खोलने की जानकारी दी एवं अपने व बच्चों के स्वास्थ्य व बच्चे की शिक्षा पर खर्च करना बताया। इस अवसर पर महिलाओं की कुर्सी दौड व सभी 24 केंद्रों मे बच्चों की कुर्सी दौड़ कराई गईं जिसमे ग्राम महमरा में सरपंच खेमिन निषाद, पंच लीला निषाद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमलता निषाद, गिरजा देवांगन ग्राम रसमड़ा मे पर्यवेक्षक शशि रैदास आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माधुरी गुप्ता, राधा निर्मलकर, जानकी निषाद, लता यादव सहायिका नीलम व अन्य महिलाएं उपस्थित थे।

### कुम्हारी नपा चुनाव के लिए वार्डों का आरक्षण कल

**कुम्हारी।** नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024 के लिए छत्तीसगढ़ नगर पालिका अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछडा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण नियम 1994 एवं छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956/ नगर पालिका अधिनियम 1961 के प्रावधाननुसार नगर पालिका परिषद कुम्हारी के 24 वार्डों में वार्ड आरक्षण की कार्यवाही विहित प्राधिकारी दुर्ग कलेक्टर द्वारा कलेक्टर सभाकक्ष दुर्ग में 19 दिसंबर को शाम 4 बजे की जाएगी।

**बिजनेस साइट**

## हाइटेक हॉस्पिटल में युवती की जबड़ा प्रत्यारोपण सर्जरी

**भिलाई।** हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल में एक 28 वर्षीया युवती की जबड़ा प्रत्यारोपण सर्जरी की गई। सिंगल स्टेज में इस सर्जरी की संभवतः जिले में यह पहली घटना है। युवती का निचला जबड़ा अविकसित रह गया था जिसके कारण भोजन करने में दिक्कत तो थी ही, ठोढ़ी नहीं होने के कारण रोगी को मानसिक परेशानी से भी गुजरना पड़ रहा था। हाइटेक की मैक्सिलोफेशियल एंड ऑर्थोग्नैथिक सर्जन डॉ. आफरीन आफताब ने बताया कि युवती के जबड़े के दोनों तरफ के जोड़ जम गए थे। इसे बाइलैटरल टीएमजे एंकिलोसिस कहा जाता है। इसके साथ ही उसके निचली जबड़े विकसित नहीं थे जिसके कारण ठुड्डी दिखाई नहीं देती थी। इसे बर्ड फेस डीफॉर्मिटी कहते हैं। इसके कारण दांत आपस में सही तरीके से नहीं बैठते। इसकी वजह से भोजन को चबाने में भी दिक्कत होती है। डॉ. आफरीन ने बताया कि सबसे पहले युवती के टीएमजे एंकिलोसिस को रिलीज किया गया। इससे जबड़ों में हरकत लौट आई। इसके बाद दोनों तरफ के जबड़ों के जोड़ों का प्रत्योरोपण कर दिया गया। साथ ही उसके निचले एवं ऊपरी जबड़े की कॉस्मेटिक सर्जरी की गई। अब ठोढ़ी दिखाई देने के कारण चेहरा सुन्दर हो गया है। जन्मजात होती है विकृतिः निचले जबड़े से जुड़ी यह विकृति जन्मजात होती है। समय के साथ समस्या बढ़ती चली जाती है। किसी का निचला जबड़ा सामने की ओर निकला होता है तो किसी का इतना छोटा होता है कि ठोढ़ी दिखाई नहीं देती। इससे चेहरे की सुन्दरता तो प्रभावित होती ही है जबड़े के संचालन में भी दिक्कत होती है। कभी-कभी जबड़ा जम जाता है। यह एक जटिल सर्जरी है जिसमें कई स्टेज होते हैं, पर हाइटेक में यह सर्जरी सिंगल स्टेज में की गई।




**ओडारसकरी में भागवत कथा जारी**

## विनम्रता से हर कार्य सिद्ध होता है, विनम्र बनेः निरंजन महाराज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा



ग्राम ओडारसकरी के देशमुख परिवार में चल रहे श्री भागवत कथा में प्रवचन कर्ता ने बताया कि त्रैलोक्य अधिपति होकर भी राजा बलि ने विनम्रता को धारण कर वामन रूप प्रभु का चरण वन्दन कर विजय को प्राप्त कर लिया, इसलिए जीवन में विनम्र बने, विनम्रता मानव जीवन का आभूषण है। जैसे फलदार वृक्षों की डालियां झुकी रहती है वैसे ही ज्ञानी पुरूष की वास्तविक पहचान उसके विनम्र व्यवहार से प्राप्त होता है, जो जितना ही विद्वान होगा वह उतना ही विनम्र और सरल होगा क्योंकि विद्या विनय प्रदान करती है और याद रखे सहजता में ही भगवान की प्राप्ति हो सकती है असहजता में नही। श्रीमद्भागवत कथा में गजेन्द्र मोक्ष, सागर मंथन और वामन अवतार कथा पर आध्यात्मिक भावाभिव्यक्ति करते हुए प्रवचनकर्ता निरंजन महाराज श्री भागवत आश्रम लिमतरा ने कहा। संतश्री ने आगे कहा कि मानव जीवन का सबसे बड़ा जहर कटु वचन है इस जहर को त्याग कर सभी के लिए मीठे वचनों का प्रयोग करें। शस्त्र का घाव दवाई लगाकर ठीक किया जा सकता है लेकिन वाणी का घाव जीवन भर मिटने वाला नही है इसलिए कुछ भी किसी को बोलने से पहले सोच ले कि ये शब्द सुनने वाले के लिए उपयुक्त है कि नहीं। शास्त्रों में वाणी के पंच आभूषण बताया गया है, सत्य बोलना, हितकारी बोलना, विवाद रहित बोलना, मीठा बोलना, अल्प बोलना ये पंच आभूषण वाणी के है। इसे हर जीव को धारण करना है तभी जीवन का द्वंद समाप्त होगा। संतश्री ने सागर मंथन की कथा पर भाव वर्णन करते हुए कहा कि जीवन का मंथन करना है, मन को मन्दराचल पर्वत, संसार सागर है विचारों से मंथन हो, मन रूपी पर्वत को डूबने से बचाने हेतु कूर्म रूप भगवान का ध्यान करे। जीवन में जब तक ध्यान नही है तब तक मंथन संभव नही है। सत्कर्म प्रदर्शित करने की नहीं अपितु छिपाने की है अपने अंदर के दुर्गुणों का बखान करे सद्गुणों का नही। जीवन के समस्त विकारों को दूर करने के लिए भागवत की कथा श्रवण आवश्यक है जीवन को परिलक्षित कराती है भागवत कथा की अमृत मय वाणी। मानव का जीवन प्रभु प्रदत्त एक व्यवस्था है निर्माण हमारा कर्तव्य है। वहीं 18 दिसंबर को गीतासार, हवन-पूर्णाहूति, कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा स्नान होगा।

हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 18 दिसंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129


## लाइव इवेंट

### बच्चों ने आदिगुरु शंकराचार्य के संदेशों का अनुसरण करने लिया संकल्प




**भिलाई।** यदाथोरे श्री योगानान्देश्वरा सरस्वती मठ मैसूर के मठाधीश जगत गुरु शंकराचार्य शंकर भारती महास्वामी का शंकरा विद्यालय सेक्टर 10 में आगमन हुआ। इस अवसर पर जगत गुरु का भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों और सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए आदिगुरु शंकराचार्य की जीवनी से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने स्वामी का अनुसरण करते हुए मंत्रोच्चारण किया। शाला प्रबंधन समिति के सचिव एस. स्वामीनाथन, अध्यक्ष वी. रामचंद्रन, प्राचार्य बिपिन देशमुख, उप प्राचार्य विजयन बी, प्रधान पाठिका शोभा नायर, शीजा जॉन, चरनीत कौर संधू उपस्थित थे।

### घासीदास जयंती पर चिंगरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम व मेला आज



**भिलाई।** गुरुघासी दास जयंती पर ग्राम चिंगरी भाटापारा में युवा शक्ति समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष गुरुपरब में 18 दिसंबर को ध्वजारोहण सहित मेला का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रात्रिकालीन बेला में सांस्कृतिक संस्था छत्तीसगढ़ महतारी संचालिका संतोषी नेताम का आयोजन होगा। समिति के सदस्यों में कलीराम खुटेल, दिनेश बघेल, सुरेंद्र सूर्यवंशी, अश्वनी, दिलीप, दीपक, भारत भूषण, परमेश्वर, मुकेश, सुनिल ठंडन शामिल हैं। यह जानकारी समिति अध्यक्ष संतोष कुमार खुटेल ने दी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन ग्राम चिंगरी भाटापारा के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा, जिसमें हमारी संस्कृति और परंपराओं का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंचे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संतोषी नेताम द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम रात 10 बजे से शुरू होगा।

## सिटी इवेंट

### सेंट थॉमस महाविद्यालय में निःशुल्क प्रकृति परीक्षण शिविर का आयोजन



**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रेड रिबन क्लब, बॉटनी विभाग एवं राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय चंदखुरी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को महाविद्यालय के कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय स्वास्थ्य एवं प्रकृति परिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमजी रोईमोन ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ. पीएस वर्गीस ने कहा कि इलाज से बेहतर बचाव है, इसलिए सभी छात्र एवं कर्मचारी इस स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का लाभ उठाएं। सेंट थॉमस मिशन के कोषाध्यक्ष राइट रेवरेंट थॉमस रम्भान ने आयुर्वेद के सिद्धांतों के बारे में बताते हुए कहा कि भारत देश ने पूरे विश्व को आयुर्वेदिक चिकित्सा का सबसे अमूल्य उपहार दिया है।

- कर्मचारी व विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शिविर

#### 377 से ज्यादा लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण

राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय से डॉक्टर सूरज ने बताया कि स्वास्थ्य एवं प्रकृति परिक्षण का यह कार्यक्रम भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा संपूर्ण देश में चलाया जा रहा है। विशेष रूप से एड्स के बारे जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि एड्स हमारे शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता पर सीधा प्रहार करता है। छात्रों एवं कर्मचारियों को मिलाकर कुल 377 लोगों का स्वास्थ्य एवं प्रकृति परिक्षण किया गया। इस कार्यक्रम में बॉटनी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति बक्शी, प्राध्यापक देव नारायण पटेल, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सदस्यगण डॉ. सुनीता क्षत्रिय, डॉ. रिंसी अब्राहम, राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय से संयोजक डॉ. सागर शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र इखार ने किया। आभार सह संयोजक डॉ. जे मजू ने व्यक्त किया।




---

● खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में आईजी रामगोपाल गर्ग हुए शामिल

# स्पोर्ट्स डे सैलिब्रेशन में छोटे बच्चों को फैंसी ड्रेस, खेल, योग और व्यायाम के जरिए दी पर्यावरण संरक्षण और सेहतमंद रहने की सीख

दिल्ली पब्लिक स्कूल जुनवानी दुर्ग में मंगलवार को खेल दिवस पर एक अनूठा आयोजन देखने को मिला। दो दिवसीय आयोजन में पहले तो नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के बच्चों के साथ पालकों और टीचर्स के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं पर्यावरण संरक्षण और बेहतर सेहत की फैंसी ड्रेस, खेल, योग और व्यायाम के जरिए सीख दी गई। आयोजन में दुर्ग रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग, डीपीएस कमेटी के मैनेजिंग मेंबर एचएस बत्रा, सात्विक सिंधु प्रमुख रूप से मौजूद थे। प्राचार्य यशपाल शर्मा ने स्कूल के बारे में जानकारी दी। 18 दिसंबर को कक्षा छठवीं से 12वीं तक के बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। साथ ही समारोह का समापन होगा।



**भिलाई।** दो दिवसीय इस आयोजन में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के बच्चे शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम का कुशल निर्देशन प्राचार्य यशपाल शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि खेल छात्रों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। खेलकूद शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक है। खिलाड़ी देश व दुनिया में प्रतिभा की चमक बिखेर सकते हैं। इस दौरान बच्चों द्वारा तैयार गीत की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर बच्चों ने कदमताल के सुंदर ताल का प्रदर्शन किया। अरावली, नीलगिरि, विंध्याचल सदनों ने बारी-बारी से अपनी प्रस्तुति दी। प्री नर्सरी से पांचवी तक के बच्चों ने फल, फूल, सब्जियों का भेष धरकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर योग और व्यायाम के जरिए बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों को जागरूक किया गया। रंग-बिरंगे परिधान पहने बच्चों ने सहसा ही अपनी ओर ध्यान खींचा। इसके साथ ही खेल प्रतियोगिताओं का आगाज हुआ, जिसमें बच्चों अलग-अलग तरह की दौड़ में अपना दम दिखाया। छोटे बच्चों के लिए रिले, बॉल रेस का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। आईजी रामगोपाल गर्ग ने साइबर क्राइम को लेकर पालकों को जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को धूम्रपान से दूर रहने की नसीहत दी।

#### समापन कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप होंगे शामिल

डीपीएस जुनवानी दुर्ग का दो दिवासीय स्पोर्ट्स डे -2024 सैलिब्रेशन का 18 दिसंबर को समापन होगा। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन में वन और पर्यावरण मंत्री केदार कश्यप प्रमुख रूप से शामिल रहेंगे। 18 दिसंबर को वे सुबह करीब 10 बजे कार्यक्रम स्थल में पहुंचेंगे। उनके अलावा आयोजन में कवि और सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ के पूर्व डीन डॉ. हरिओम पंवार, कवि, लेखन, यश भारती अवार्डी और पद्मश्री डॉ. सुनील जोशी, आईएनएच और हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। डॉ. पंवार जहां वीर रस के जानेमाने कवि हैं, वहीं डॉ. जोशी हास्य रस के जानेमाने कवि हैं।








---

# गौसेवा का लिया संकल्प, 30 गौसेवकों और 10 समितियों को किया सम्मानित

**भिलाई।** हरिओम बाबा गोरक्षण ट्रस्ट जरवाय दुर्ग द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के 1 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में प्रदेश सरकार द्वारा निर्देशित गोवंश वृद्धि एवं गाय माता की सेवा हेतु विभिन्न प्रमुख गौशाला मैं गोपूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गौ सेवा में तत्परता से तथा पूरे मनोयोग से गोवंश के प्रति समर्पित तथा गौशाला संरक्षक एवं अन्य पदाधिकारी बंधु एवं विशिष्ट पदाधिकारीयो का सम्मान किया गया।

- हरिओम बाबा ट्रस्ट का छत्तीसगढ़ सरकार के 1 वर्ष पूरे होने पर आयोजन






कार्यक्रम में 30 गौसेवकों को पुष्प मालाओं, श्रीफल, स्वेटर एवं 10 समिति पदाधिकारियों को पुष्प मालाओं एवं श्रीफल आदि से सम्मानित कर गौवंश की रक्षा के लिए शपथ ली गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से शासन द्वारा आदेशित गौ सेवा आयोग से डॉ. जेके सिंग, केएल देवांगन, सुशील चन्द्राकर, हेमंत गजभिये, चन सिंग, ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, महासचिव कैलाश अग्रवाल, सुन्दर बंसल, रामदास अग्रवाल, सतीश शर्मा, प्रदीप जैन, पप्पा जैन, रतन लाल अग्रवाल, भगवान दास, रामनाथ अग्रवाल, छगन लाल मॉडरिया, भूपेंद्र वमा (पार्षद-जरवाय, नगर निगम) पप्पू यादव, तुलसी ध्रुव (पार्षद डबरापारा, नगर निगम) आदि मौजूद थे। विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू, संतोष अग्रवाला भिलाई, गुलशन टिन्डे कार्यक्रम में शामिल हुए।

### पूर्व विधायक भसीन की स्मृति में क्रिकेट स्पर्धा, पोस्टर का हुआ विमोचन

**भिलाई।** पूर्व विधायक स्वर्गीय विद्यारतन भसीन की स्मृति में कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर टी शर्ट एवं पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर बीजेपी के जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिंह, पार्षद संतोष मौर्य, दिव्या भसीन, राहुल परिहार, राजा ठाकुर, कैलाश सिंह, संजय मक्कड़ उपस्थित थे। यह प्रतियोगिता मंगलवार से प्रारंभ हो गई। शांति नगर दशहरा मैदान में इसका आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भिलाई प्रेस, नगर निगम ठेकेदार, साईं राम ग्रुप, ग्रामीण बैंक, एबीस राजनंदगांव, महिंद्रा ऑटोमोबाइल, दुर्ग पुलिस, फार्मा 11, बंसल ब्रदर, दुर्ग पुलिस, सेंट्रल जीएसटी एवं बीएम शाह अस्पताल की टीम में भाग ले रही हैं।



### मसीही समाज में उन्नत कार्य करने वाले डॉक्टरों का किया सम्मान



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फेलोशिप द्वारा मसीही समाज में उन्नत कार्य करने वाले डॉक्टरों का सम्मान सेक्टर 6 चर्चा ऑफ गॉड में किया गया। सेक्टर 9 अस्पताल में कार्यरत ऑर्थोपेडिक डॉक्टर इमानुएल मेसी एवं अपेक्स हॉस्पिटल दुर्ग में कार्यरत आई स्पेशलिस्ट डॉक्टर सुयश नोएल का सम्मान सीसीएफ द्वारा किया गया। अपने पेशे के माध्यम से डॉक्टर मेसी एवं डॉक्टर नोएल दोनों ही द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता की जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रायपुर से आए पास्टर दीपांकर नंदी ने प्रभु यीशु के जन्म - मृत्यु और उनके इस दुनिया में आने के उद्देश्य के बारे में प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन पास्टर यूनुस कुमार ने किया स्वागत रेव. राकेश प्रकाश ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन पास्टर एस गाड़िया ने दिया। कार्यक्रम में सीसीएफ के अध्यक्ष डॉक्टर गिरीश कुमार, सचिव पास्टर विनोद आचारी, महासचिव अभिषेक शावल, महिला संघ की अध्यक्ष श्रीमती चंद्रप्रभा मसीह, युवा अध्यक्ष पास्टर आनंद, रेव. ग्रहाम लाल, पास्टर फिरोंन मसीह, अनूप मासीह, आरबी बघेल, पुष्पा मेसी, पास्टर प्रमोद कच्छ, रेव. स्टेला दास, रेव. मालती, किरण दान, सोनाली कुजूर, अनूप मसीह, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

---

कार्नर न्यूज

बड़े दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर में किया जा रहा आयोजन

# कोई भी महापुरुष मिथ्या आशीर्वाद और श्राप दोनों नहीं देताः धामेश्वरी देवी





**भिलाई।** जगद्गुरु कृपालु की प्रचारिका धामेश्वरी देवी का बड़ा दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर में 11 दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन जारी है। प्रवचन के आठवें दिन उन्होंने कहा कि उस ईश्वर तत्व को जानने के लिए श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ महापुरुष की आवश्यकता है, जिसके शरणागत होकर सेवापूर्वक जिज्ञासु बनकर ही परमतत्व का ज्ञान प्राप्त हो सकता है। ग्रंथों एवं लोक में भी तीन शब्द पढ़ने सुनने में आते हैं। एक पुरुष, दूसरा महापुरुष, तीसरा परमपुरुष, जिस पुरुष या जीवात्मा ने परम पुरुष या परमात्मा को जान लिया, देख लिया, उसमें प्रविष्ट हो चुका हो, वही महापुरुष या महात्मा है। भावार्थ यह कि ईश्वर-प्राप्त जीव को ही महापुरुष कहते हैं। प्रायः दो प्रकार के महापुरुष प्राप्त होते हैं। पहला जिनको ईश्वर का वास्तविक ज्ञान, दर्शन आदि अनुभव हो एवं बाहर भी उसी रूप में दिखते हो। ऐसे महापुरुष को पहचानना सरल है। दूसरे महापुरुष में होते हैं जो भीतर से तो वास्तव में ही महापुरुष होते हैं, किंतु बाह्य व्यवहार में सांसारिक से दिखते हैं। ऐसे महापुरुष को पहचाना अति कठिन होता है।

जो महापुरुष अनादिकाल से मायातीत ही रहे, कभी मायाधीन नहीं थे। उन्हें ईश्वर का परिकर, पार्षद आदि कहते हैं। महापुरुष को पहचानने का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि महापुरुष के दर्शन सत्संग आदि से ईश्वर में स्वाभाविक रूप से मन लगने लगता है।

#### कथा का 20 दिसंबर को होगा समापन

दूसरा प्रत्यक्ष लाभ यह होता है कि साधक की साधना पथ की क्रियात्मक गुंथिया होती है, उन्हें वह सुलझा कर बोधगम्य करा देता है। तीसरा प्रत्यक्ष प्रमाण यह है कि वास्तविक महापुरुष की वें क्रियात्मक अवस्थाएं जो समय-समय पर बहिरंग रूप से गोचर होती है, उन्हें देखकर साधक को स्वाभाविक उत्साह एवं उत्तेजना मिलती है। प्रवचन का अंत श्री राधा कृष्ण भगवान की आरती के साथ हुआ। प्रवचन श्रृंखला का आयोजन 20 दिसम्बर तक शाम 6 से रात 8 बजे तक किया जा रहा है।

## सिटी इवेंट

# रोजमर्रा के कामों पर मंथन, जलवायु परिवर्तन पर रखे विचार



**भिलाई।** आईआईटी भिलाई में संस्कृति, भाषा और परंपरा केंद्र (सीसीएलटी) ने फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी (एफईएस) के साथ मिलकर कॉमनिंग द कॉमन्स' नामक एक आवासीय शीतकालीन स्कूल प्रोग्राम का आयोजन किया गया। शीतकालीन स्कूल को सभी सामाजिक-आर्थिक स्तरों पर व्यक्तियों और समुदायों के रोजमर्रा के जीवन में महत्वपूर्ण संसाधन प्रणालियों के रूप में पारिस्थितिक कॉमन्स की समझ बनाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया था। इस अल्पकालिक प्रमाणपत्र कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को कम्युनिकेशन की संस्कृतियों में तल्लीन करने की अनुमति दी, जिससे उन्हें भारतीय समाज में पर्यावरणीय क्षरण, जलवायु परिवर्तन और व्यापक आर्थिक और सामाजिक असमानताओं के जटिल मुद्दों की एक स्तरित भावना विकसित करने में मदद मिली। विंटर स्कूल में के चिकित्सकों की पैनल चर्चा भी हुई। इसमें पैनलिस्ट मोहित साहू, मनोज, इंदु नेताम और अश्विनी कांगे थे। नमिता मिश्रा, राज्य प्रमुख, एफईएस ने पैनल चर्चा का संचालन किया।

■ आईआईटी भिलाई में व्याख्यान का एक दिवसीय आयोजन

### दिनेश का व्याख्यान हुआ निवेश, एसडीजी और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर मंथन

इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स के अध्यक्ष प्रोफेसर दिनेश के मरोठिया ने उद्घाटन समारोह में व्याख्यान दिया। मुख्य भाषण का शीर्षक सीपीआर और उसके संस्थानों की महत्वपूर्णताः कॉमन्स में निवेश और एसडीजी और जलवायु परिवर्तन पर इसके प्रभाव था। पांच दिवसीय शीतकालीन विद्यालय में पारिस्थितिक कॉमन्स में डॉ. पूर्णेनु कावूरी (सेन्स इंडिया), डॉ. लावण्या सुरेश (बिट्स पिलानी, हैदराबाद), डॉ. आरके सिंह (प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छत्तीसगढ़ सरकार, सेवानिवृत्त) और डॉ. सोमा किशोर पार्थसारथी (मकाम) मौजूद थे।

## एजुकेशन लाइव

# पर्सनालिटी डेवलपमेंट में युवाओं ने व्यक्तित्व विकास के गुर सीखे




**भिलाई।** महाविद्यालय के विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए बी.एम कॉलेज, कोलिहापुरी पुलगांव दुर्ग में आईक्यूएसी के अंतर्गत महाविद्यालय में पर्सनालिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की डायरेक्टर भानुमति साव एवं मुख्य अतिथि भूपेंद्र यादव के द्वारा मां सरस्वती के शैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं सरस्वती वंदना कर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि भूपेंद्र यादव ने अपने व्याख्यान के दौरान व्यक्तित्व निर्माण के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की और अपने व्याख्यान में उन्होंने अपने विचारों और व्यावहारिक सुझावों के माध्यम से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य ने युवाओं के समग्र व्यक्तित्व विकास की आवश्यकता पर बल दिया और इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। भानुमति साव ने अपने व्याख्यान में बताया कि व्यक्तित्व विकास का उद्देश्य विद्यार्थियों में बहुमुखी प्रतिभा का विकास करना है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रियंका साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया।

■ बीएम कॉलेज, कोलिहापुरी पुलगांव में आयोजन

## स्पोर्ट्स इवेंट

# एमजे कॉलेज में वार्षिक खेलकूद स्पर्धा कबड्डी में फार्मेसी कॉलेज का दबदबा



**भिलाई।** एमजे कॉलेज के वार्षिक स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में अमित सिंह नेशनल प्लेयर मुख्य अतिथि थे। अमित सिंह को कॉलेज की डायरेक्टर सिलिका विदुक्कर ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। अमित सिंह ने खिलाड़ी को सफलता के मूल मंत्र दिए। जीवन में खेल का महत्व को समझाया। दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना एवं नेतृत्व की क्षमता का विकास करना रहा। बता दें कि अमित सिंह आर्म रैसलिंग के गोल्ड मेडलिस्ट हैं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अनिल चौबे ने कॉलेज की सालभर की गतिविधियों से अवगत कराया। डायरेक्टर डॉ. श्रीलेखा वेरुलकर ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिताओं की शुरुआत वॉलीबॉल पुरुष वर्ग के खेलों से हुई। इस अवसर पर डॉ. पुष्प लता देशमुख प्राचार्य नर्सिंग महाविद्यालय, डॉ. राहुल सिंह प्राचार्य फार्मेसी, शिक्षा संकाय की विभाग अध्यक्ष डॉ. श्वेता भाटिया सहित अन्य मौजूद थे। संचालन पूनम दीवान ने किया। प्रथम दिवस के खेल में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पुरुष एवं महिला वर्गों में एमजे कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी की टीम विजेता रही। कबड्डी कबड्डी में पुरुष वर्ग में भी एमजे कॉलेज ऑफ फार्मेसी का दबदबा रहा।

■ कॉलेज कैम्पस में दो दिवसीय आयोजन, विजेता हुए सम्मानित

## भिलाई तीन में पारंपरिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

# मनखे-मनखे एक समान का संदेश लेकर नगर भ्रमण को निकली सतनाम शोभायात्रा, महाभंडारा आज

**भिलाई।** गुरुघासी दास सेवा समिति, सेक्टर-6 द्वारा सतनाम शोभायात्रा सतनाम-संदेश का आयोजन किया गया। पवित्र गुरुगद्दी, आसन, तैलचित्र की पूजा-अर्चना कर आयोजन की शुरुआत की गई। इसके बाद नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा निकाली गई। सतनाम रथ में सात- ज्योति कलश और गुरुघासी दास बाबा के तैलचित्र आसन स्थापित कर फूलों से सजाया गया।

सात ध्वज वाहक सफेद झण्डा लिए हुए पैदल सामाजिक बंधु, सतनाम संदेश शोभायात्रा, पंथी दल के साथ नाचते गाते हुए निकले। सभी सामाजिक बंधु इस दौरान मौजूद थे। जगह-जगह फूलों की वर्षा की गई। हाउसिंग बोर्ड में विधिवत आरती पूजा कर चना-मसाला का वितरण किया गया। सेक्टर-1 में भी शोभायात्रा का स्वागत किया गया। समिति के अध्यक्ष आरडी देशलहरे ने बताया कि आयोजन को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। 18 दिसंबर को विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा।



### जिला स्तरीय लोक कला महोत्सव, पंथी नृत्य का आगाज



अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की पारंपरिक लोक कला यथा लोकगीत, लोकगायन नृत्य जैसे- पंथी नृत्य, पंडवानी, भरथरी तथा अनुसूचित जाति वर्ग के पारंपरिक लोक वाद्य आदि में कलाकारों की प्रतिभा की पहचान करने एवं उन्हें पुरस्कृत कर प्रोत्साहित करने के लिए जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंगलवार को विश्व बैंक कालोनी भिलाई 3 में स्पर्धा आयोजित की गई। प्रतियोगिता में अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, विभाग के सहायक आयुक्त हेमन्त कुमार सिन्हा, सहायक लेखा अधिकारी ऋतुराज, विभाग के छात्रावास अधीक्षक सहित अन्य मौजूद थे। 10 पंथी दलों द्वारा भाग लेकर पंथी नृत्य का प्रदर्शन किया गया। इसमें से सत्य के उजागर पंथी पार्टी ग्राम थनौद जिला दुर्ग प्रथम एवं मधुर सुहावना पंथी पार्टी ग्राम पेंड्रीतराई जिला दुर्ग द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले दलों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता नवागढ़ जिला बेमेतरा में 19 से 21 दिसम्बर 2024 को सम्मिलित होकर प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त द्वारा जिले में भी लोक कला को प्रोत्साहित करने हेतु किए गए प्रदर्शन के लिए भाग लेने वाले पंथी



### आज गुरु प्रसाद का वितरण, तैयारी पूरी

समिति के महासचिव शांतिलाल मिर्चे ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा की अमर वाणी मनखे-मनखे एक बरोबर का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह शोभायात्रा निकाली गई। समिति के कोषाध्यक्ष गया प्रसाद भास्कर ने कहा सतनाम भवन सेक्टर-6 में 18 दिसंबर को विशाल भण्डारा गुरू प्रसाद का आयोजन किया गया है। इसे लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। शोभायात्रा में अध्यक्ष आरडी देशलहरे, उपाध्यक्ष मंजू कुर्रे, महासचिव शांतिलाल मिर्चे, कोषाध्यक्ष गया प्रसाद भास्कर, रमेश चंदवानी, राम कुमार मारकण्डे, रेशम लाल घृतलहरे, गरीब दास बंजारे, रूपेश बारले, प्रदीप कौशिक, अशोक कुमार सूर्यवंशी, सतीश डहरे, राजन कुमार खुटेल, हेमप्रकाश अनंत, टेक राम बंजारे, लोकेश भारती, नोहर सिह कुर्रे, दीपेन्द्र बघेल आदि मौजूद थे।

## चलाया अभियान...

# नुक्कड़ नाटक कर दांतों को स्वस्थ रखने किया जागरुक, बताया इलाज

**भिलाई।** दांत उखड़ने के कारणों, रोकथाम और आपातकालीन प्रबंधन को सरलता से निपटाने को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रभावशाली रुप से प्रस्तुत किया गया। यह आयोजन मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय पेड्रोडोंटिस्ट दिवस मनाने के प्रयास में रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च के डिपार्टमेंट ऑफ पीडियाट्रिक एंड प्रीवेंटिव डेंटिस्ट्री ने संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वावधान में भिलाई-दुर्ग में सार्वजनिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। इस अभियान में रूंगटा पब्लिक स्कूल, सिविक सेंटर, हाईटेक अस्पताल और प्रयास श्रवण विकलांग संस्थान सहित कई स्थानों पर आकर्षक प्रदर्शन और शैक्षिक सत्र आयोजित किये गए थे, जिसका उद्देश्य बच्चों और उनके परिवारों को दांत उखड़ने यानी आघात के कारण दांत का पूरी तरह से विस्थापित हो जाना के बारे में शिक्षित करना था।



### नृत्य व नाटक से दी जानकारी

इस जागरूकता अभियान तहत एक नुक्कड़ नाटक और एक गतिशील समूह दवरा नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिसमें दांत उखड़ने के कारणों, रोकथाम और आपातकालीन प्रबंधन को आकर्षक तरीके से दर्शाया गया। प्रत्येक स्थान पर प्रदर्शनों में खेल की चोटों और खेल के मैदान में होने वाली दुर्घटनाओं और वास्तविक जीवन के परिदृश्यों को उजागर किया गया, जिसमें उखड़े हुए दांत को दूध या लार में रखना और तुरंत पेशेवर देखभाल जैसे तत्काल प्राथमिक उपचार के महत्व पर जोर दिया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को निःशुल्क पैम्पलेट और मौखिक स्वच्छता किट वितरित किए गए, जिसमें दंत आघात के प्रबंधन के लिए कार्रवाई योग्य कदम बताए गए। इस जागरुकता अभियान में लोगो ने उत्साह के साथ लिया। जिसमें परिवारों, छात्रों और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों ने रचनात्मक और सूचनात्मक दृष्टिकोण की सराहना की।

### दंत स्वास्थ्य शिक्षा को सुलभ बनाने डाला प्रकाश

प्रत्येक स्थान पर डिपार्टमेंट ऑफ पीडियाट्रिक एंड प्रीवेंटिव डेंटिस्ट्री की प्रमुख डॉ लुम्बिनी पाथिवाड़ा ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए दंत आपात स्थितियों के प्रबंधन में त्वरित कार्रवाई के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज हमारा मिशन शिक्षित करना, संलग्न करना और सशक्त बनाना है। संस्थान के अध्यक्ष संजय रूंगटा और डीन डॉ कार्तिक कृष्ण ने विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए समाज के सभी वर्गों के लिए दंत स्वास्थ्य शिक्षा को सुलभ बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन के दौरान उपस्थित लोगो को दंत आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए उपकरण और बेहतर जानकारी एकत्रित कर वापस हुए। इस दौरान रोग से बचाओ व इलाज भी बताया।

## राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

# 34वीं जूनियर थ्रोबॉल प्रतियोगिता में याचना को बेस्ट अटैकर का खिताब




**भिलाई।** 34वीं जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का आयोजन इंदौर, मध्य प्रदेश में सम्पन्न हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ की बालिका टीम में खेल रही भिलाई की याचना साहू को बेस्ट अटैकर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब मिला। प्रतियोगिता का आयोजन थ्रोबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में मध्यप्रदेश थ्रोबाल संघ द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में कुल 25 राज्यों ने शिरकत की।

छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित बालिका टीम ने अपने लीग मैचों में हिमाचल प्रदेश की टीम को 2-0 से, मध्यप्रदेश को 2-1 से एवं क्वार्टर फाइनल मैच में मुंबई को 2-1 से पराजित कर कांस्य पदक जीता। छत्तीसगढ़ की बालिका टीम में खेल रही भिलाई की याचना साहू को बेस्ट अटैकर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब मिला। भारतीय थ्रोबाल संघ के सचिव रमन कुमार साहनी जी ने सभी खिलाड़ियों को बधाइयां दी। विजेता खिलाड़ियों से वैशाली नगर विधानसभा के विधायक रिकेश सेन ने सौजन्य मुलाकात की एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शुभकामनाएं दी। साथ ही 2025 में होने वाले सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता भिलाई में आयोजित किए जानेके लिए हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो, छ ग एवं रायपुर प्रभारी, भाजयुमो मनीष पांडे ने भी खिलाड़ियों से मुलाकात की एवं कांस्य पदक जीतने पर बधाइयां दी। छत्तीसगढ़ प्रदेश थ्रोबाल संघ के सचिव पी कामराजू ने जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश थ्रोबाल के सभी वर्गों की टीम ने इस वर्ष पदक प्राप्त किया। हाल ही जून माह में हुए सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता में भी छत्तीसगढ़ की सीनियर पुरुष टीम ने प्रथम एवं महिला टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। छत्तीसगढ़ प्रदेश थ्रोबाल संघ के पदाधिकारी प्रकाश सिंह परिहार, श्रीकांत दास गुप्ता, दीपक गहलोत, गौतम राव, अशोक कुमार, अविनाश ओझा, नंद किशोर कुशवाहा ने भी छत्तीसगढ़ की बालिका टीम को शुभकामनाएं दी।

## स्वामी आत्मानंद शा. आदर्श महाविद्यालय धनोरा में एक दिवसीय कार्यशाला

# स्टूडेंट्स की हिंदी अच्छी होगी तो उनकी अंग्रेजी भी बेहतर रहेगी, इसके लिए निरंतर प्रयास जरूरी



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद शासकीय आदर्श महाविद्यालय धनोरा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय इस सेमिनार में मुख्य अतिथि सचिव उच्च शिक्षा विभाग आर प्रसन्ना थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त संचालक डॉ. राजेश पाण्डेय ने की। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक परंपरा अनुसार सरस्वती पूजन एवं वंदना से की गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता संयुक्त संचालक डॉ. जीए घनश्याम एवं अतिरिक्त संचालक डॉ. राजेश पाण्डेय थे। प्रभारी प्राचार्य विकास पंचाक्षरी कॉलेज की गतिविधियों की जानकारी दी। डॉ. पाण्डेय ने समस्त अतिथियों को संबोधित करते हुए स्वागत भाषण दिया। मुख्य वक्ता डॉ. घनश्याम ने एक शिक्षक की भूमिका में उसके व्यक्तित्व एवं शिक्षण विधि को बेहतर बनाने के पर जोर दिया। साथ ही आत्मविश्वास, जागरूकता, स्वप्रबंधन परनियंत्रण की बात कही। अंग्रेजी माध्यम के लिए एक समुचित वातावरण निर्माण करने की आवश्यकता पर अपनी बात रखी।



### आए अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित

आयोजन में शामिल हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजन में सेजस महाविद्यालय महासमुंद प्राचार्य डॉ. अनुसूइया अग्रवाल एवं सेजस महाविद्यालय अटारी रायपुर की प्राचार्य डॉ. अभया आर. जोगलेकर ने महाविद्यालय के प्राचार्य को बधाई देते हुए ऐसे कार्यक्रम हर महाविद्यालय में होने की बात कही। उपस्थित प्रतिभागियों ने भी सेजस धनोरा महाविद्यालय एवं आयोजन की प्रशंसा करते हुए पुनः ऐसे आयोजन में आने की इच्छा व्यक्त की। साइंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एके सिंह, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, परीक्षा नियंत्रक डीयू, डॉ. राजमणि पटेल, हिमांशु मंडावी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्राध्यापक कल्पना पाण्डेय, डॉ. हेमा कुलकर्णी, डॉ. स्वाति तिवारी, विश्वनाथ ताम्रकार, श्वेता साव, छाया साहू, शाहिस्ता, डॉ. संदीप कुमार उपस्थित थे।

### अंग्रेजी शिक्षा की जरुरत और समस्याओं पर किया मंथन

प्रसन्ना आर ने समस्त सेजस महाविद्यालय के प्राचार्यों एवं सेमिनार में अपनी भागीदारी देने आए महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होने अंग्रेजी शिक्षण में आने वाली समस्या और चुनौतियों का उल्लेख किया। आयोजन में आए प्रतिभागियों ने अंग्रेजी शिक्षण से संबंधित अपने अनुभव को साझा किए। आर प्रसन्ना ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों से भी चर्चा की। आयोजन के टेक्निकल सेशन में वक्ता के रूप में डॉ. देवयानी चौबे सहायक प्राध्यापक एसएसटीसी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की हिन्दी अच्छी होगी तभी उनकी इंग्लिश भी अच्छी होगी। इसके लिए निरंतर प्रयास आवश्यक है।

### भाषा के प्रति गंभीरता जरूरी, तभी परिपक्वता

वक्ताओं ने कहा कि भाषा के प्रति गंभीरता भी होनी चाहिए। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त भास्कर गंटी ने कक्षा शिक्षण एवं बाह्य शिक्षण में समानता की बात कही। बच्चों पर मातृभाषा का प्रभाव होता है। डॉ. शिशिरकणा भट्टाचार्य फैकल्टी डाइट ने हिन्दी इंग्लिश भाषा शिक्षण में होने वाली त्रुटियों को बताते हुए शिक्षक को कम से कम दो भाषा का ज्ञान होना आवश्यक बताया। अंतिम वक्ता के रूप में डॉ. चंद्रशेखर शर्मा फैकल्टी सीएसआईटी ने अंग्रेजी माध्यम शिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके समुचित वातावरण, टेक्निक, जागरूकता, योजना के प्रबंधन की बात की। समस्त वक्ताओं के द्वारा प्रभावी एवं ज्ञानवर्धित वक्तव्य दिया।

# एमआईसी मेंबर ने आरक्षण का लाभ लेने की थी कूटरचना, समिति ने सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



नगरनिगम में एमआईसी मेंबर गनी खान के खिलाफ उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति द्वारा कार्यवाही की गई हैं। एमआईसी मेंबर द्वारा वर्ष 2014 में तकियापारा वार्ड आठ जो पिछडा वर्ग के लिए आरक्षित था। यहां चुनाव लडने उन्होंने अपनी जाति मनिहार बताकर पिछडा वर्ग का प्रमाण पत्र हासिल किया था। इस मामले की शिकायत के बाद उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति ने उनके प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया हैं। समिति ने कलेक्टर व पुलिस प्रशासन को कार्यवाही के लिए पत्र लिखा हैं। ऐसे में आगामी दिनों इस मसले पर बडी कार्यवाही हो सकती हैं।

जानकारी अनुसार वर्ष 2014 के नगरीय निकाय चुनाव में तकियापारा वार्ड आठ का आरक्षण कोटा पिछडा वर्ग था, जिसका फायदा उठाने एमआईसी मेंबर अब्दुल गनी पिता स्व हमीद कुरैशी द्वारा आरक्षण का लाभ लेने अपनी जाति मनिहार बताया था। वही उन्होने अपने पूर्वजों को चूढी बेचने का व्यवसाय करना बताया गया था। इस मामले को लेकर शिकायतकर्ता विन्सेंट डिसोजा पिता एफ डिसोजा तकियापारा निवासी ने वर्ष 2016 में तहसील दुर्ग में शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन कार्यवाही नही होने पर उन्होने 2017-18 में एसडीएम कोर्ट में अपील लगाई थी। जिसके बाद तहसील में शिकायत दर्ज कर इसे छानबीन समिति को भेजी गई थी। छानबीन समिति ने संबंधित को पर्याप्त अवसर दिए गए। लेकिन उन्होने संतोषजनक दस्तावे पिछडा वर्ग होने का नही दे पाए। विजिलेंस सेल एवं छानबीन समिति ने शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए शपथ पत्र और गनी खान को पर्याप्त अवसर दिए गए थे। हांलाकि इस मसले पर कार्यवाही तब की जा रही है, जब वर्ष 2014 के बाद कार्यकाल का सुख एमआईसी मेंबर भोग चुके है, हांलाकि वर्तमान में इस मसले पर समिति ने ठोस कार्यवाही का भी उल्लेख किया हैं। इस मामले में एमआईसी मेंबर अब्दुल गनी से पत्र जानने उनके मोबाइल पर संपर्क किया गया, लेकिन उन्होने फोन रिसिव नही की।

## अब्दुल गनी के प्रमाण पत्र को छानबीन समिति ने किया निरस्त

### लंबी लडाई के बाद मिला न्याय

शिकायतकर्ता ने वर्ष 2014 के चुनाव के बाद 2016 से लडाई लडी। लेकिन उन्हें न्याय नही मिला। अब जाकर समिति ने अपना फैसला सुनाया हैं। समिति द्वारा कराए गए जांच में विजिलेंस सेल ने उनके द्वारा उपयोग किए गए पिछडा वर्ग प्रमाण पत्र को गलत करार देकर निरस्त कर दिया गया हैं। छग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछडा वर्ग अधिनियम के तहत गठित उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति द्वारा जांच में पाया गया कि, एमआईसी मेंबर द्वारा गलत प्रमाण पत्र देकर जाति का लाभ लिया गया हैं।

### हाल के चुनाव में सामान्य सीट रही

तकियापारा वार्ड आठ वर्ष 2014 में पिछडा वर्ग के लिए आरक्षित था। जिसमें गनी खान ने चुनाव लडी थी, वहीं वर्ष 2019 में यह वार्ड सामान्य हो गया। इसमें भी उन्होने जीत हासिल की थी। लेकिन आठ साल के बाद फैसला आने से वे सत्ता का सुख भोग चुके हैं। बहरहाल समिति ने पुलिस प्रशासन को भी प्रतिलिपि भेजी हैं। जिसमें कार्यवाही का उल्लेख किए जाने से माना जा रहा हैं कि, इस मसले में बडी कार्यवाही हो सकती हैं। जानकारी अनुसार गनी खान द्वारा अपनी जाति मनिहार बताया गया था। जिसके आधार पर दुर्ग एसडीएम द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया गया था।

### कार्यवाही का उल्लेख

छानबीन समिति द्वारा विगत बारह दिसंबर 2024 को फैसला सुनाया है। उन्होने जारी फैसले में कलेक्टर और एसपी को कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

-विन्सेंट डिसोजा, शिकायतकर्ता

---

**व्यवस्था : आश्वासन के बाद हड़ताल से लौटे मिलर, उठाव में तेजी नहीं**


# पन्द्रह से अधिक केन्द्रों में खरीदी बंद, गिनती के ही लगे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य शासन और मिलरों के बीच गतिरोध समाप्त होने के बाद भी उठाव को लेकर प्रशासन गंभीर नही हैं। जिले में डेढ सौ से अधिक मिलर हैं, लेकिन शासन से सहमति बनने के बाद मंगलवार को सिर्फ तीस मिलर ही धान उठाने के लिए मशक्कत करते रहे। प्रशासन और मार्कफेड की कमजोर मानिटरिंग के चलते उठाव में तेजी आने के बाद मंगलवार को पन्द्रह समिति में धान खरीदी बंद हो गई है। जिसका खामियाजा किसानों को भुगतान पड रहा हैं।

पिछले लंबे समय से राज्य शासन और मिलरों के बीच उपजा गतिरोध थम गया हैं। मंगलवार से मिलर हडताल समाप्त कर धान के उठाव में जूट गए हैं। माना जा रहा था कि, अब उठाव में तेजी आएगी। लेकिन जिले के मिलरों के बीच सहमति नही बन पाई हैं। जिसके चलते कुछ ही मिलर उठाव करने सामने आए हैं। सूत्रो ने बताया कि, मंगलवार को मिलिंग के लिए सामने आए 111 में से मात्र 30 मिलर्स ने उठाव किया हैं। जिले में धान खरीदी व्यवस्था दिनों दिन चरमराती जा रही है। अब बढ़कर 15 उपार्जन केन्द्रों में खरीदी बंद रही, वहीं खरीदी बंद वाले अनेक केन्द्रों से आज भी धान उठाव नहीं किया गया। राइस मिलर्स एसोसिएशन अध्यक्ष द्वारा सोमवार से आंदोलन स्थगित हो जाने के दावे के बावजूद जिले में कस्टम मिलिंग के लिए पंजीकृत 111 राइस मिलर्स में से मात्र 30 मिलर्स ने धान उठाव किया।

## खरीदी बंद होने से हजारों किसानों का टोकन हो चुका निरस्त



### इन केन्द्रों में किसान परेशान, फूट रहा गुस्सा

पिछले पन्द्रह दिन से लगातार खरीदी केन्द्रों में टोकन जारी होने के बाद भी खरीदी होने के बाद लगातार बंद के हालात निर्मित हो गए हैं। जानकारी के अनुसार जिले के नंदनीखुंदनी, कन्हारपुरी, बिरेझर, दनिया, बोरी, रसमड़ा, कुम्हली, कोड़िया, डोड़की, नवागांव, पथरिया, पाहरा, फेकारी, फुन्डा एवं छोटे पुरदा उपार्जन केन्द्रों में आज धान खरीदी बंद रही वहीं बिरेझर, छोटेपुरदा, फुन्डा आदि उपार्जन केन्द्रों में पहले से खरीदी बंद हो जाने के बाद भी इन केन्द्रों से धान उठाव नहीं किया गया।

### किसानों को नुकसान, चौबीस लाख क्विंटल जाम

मिंजाई के बाद किसानों को धान सुरक्षित रखने में चुनौती का सामना करना पड रहा हैं। हालात यह है कि, धान के सूखने से वजन काम होगा, ऐसे में किसानों को नुकसान का सामना करना पडेगा। वही उठाव नही होने से सोसायटी में नुकसान तय हैं। अब तक 54746 किसानों से 25 लाख 37 हजार 250 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। इनमें 4 लाख 370 क्विंटल धान का उठाव के लिए डीओ एवं टीओ कट चुका हैं। इसके विरुद्ध अब तक मात्र 86342 क्विंटल धान का उठाव हुआ है, जिले के उपार्जन केन्द्रों में 24 लाख 50 हजार 908 क्विंटल धान जाम है। 95 उपार्जन केन्द्रों में बफर लिमिट से अधिक धान है।

### जवाब देने से बच रहे अफसर

जिले के 102 सोसायटियों में खरीदी हो रही हैं। इस अव्यवस्था को लेकर किसान परेशान हैं, वे जिले के अधिकारियों से संपर्क साध रहे है। लेकिन मार्कफेड व जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के अधिकारी फोन रिसिव नही कर रहे है। किसानों का कहना है कि, वे अपनी समस्या आखिर कहां रखे। जिला प्रशासन के इस रवैय्ये को लेकर किसानों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही हैं।

---

# चुनावी बैठक से कांग्रेसियों ने बनाई दूरी, गिने-चुने नेताओं ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने आगामी दिनों होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस भवन में बैठक बुलाई गई थी। लेकिन इस बैठक में गिने चुने नेताओं ने ही शिरकत की थी। जबकि युवाओं ने इस बैठक से ही दूरी बना ली। हालात यह रहा है कि, कम उपस्थिति के चलते कोई फैसला भी नही लिया जा सका। कांग्रेस भवन में जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गया पटेल ने बैठक बुलाई थी। इस दौरान पूर्व विधायक अरूण वोरा भी उपस्थित रहे। इस बैठक में कुछ ही पार्षद और संगठन के नेता उपस्थित थे। यहां तक कि वार्ड पार्षद भी नही पहुंचे। जिसके चलते चुनाव की तैयारी सिर्फ चर्चाओं तक सिमटकर रह गया। सूत्रों ने बताया कि इस दौरान सिर्फ तीस लोग ही बैठक में शामिल हुए थे। इधर भाजपा संगठन आगामी चुनाव को लेकर पूरी तरह से गंभीरता से चल रही है। कांग्रेस संगठन में जैसे उदासी छाई हुई हैं, वरिष्ठ नेताओं के बुलावे के बाद भी पार्षद तक इस बैठक में नही पहुंचे। बैठक में जिला अध्यक्ष गया पटेल, पूर्व विधायक अरूण वोरा, मेयर धीरज बाकलीवाल, पूर्व मेयर आरएन वर्मा, सभापति राजेश यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

- मंगलवार को कांग्रेस भवन में पहुंचे चुनिंदा नेता

### हमें मौका देने की लड़ाई

सूत्रों ने बताया कि, कांग्रेस भवन में चली बैठक में युवाओं ने अपनी पीडा रखी। संगठन के पदाधिकारियों से युवाओं को आगे करने की मांग की गई, वही दूसरी ओर उम्र दराज पार पदाधिकारियों ने भी चुनाव लड़ने फिर से मौका की मांग की। कुल मिलाकर इस बैठक में ठोस निर्णय नही हो पाई और उपर से संगठन नेताओं कि किरकिरी हो गई हैं।

# श्रीमद् भागवत महापुराण 21 से 29 दिसंबर तक

दुर्ग। ज्ञानदीप कान्वेंट स्कूल के बाजू में 21 दिसंबर से श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कथा वाचक भागवताचार्य संत निरंजन महाराज लिमतला कुम्हारी वाले होंगे। कार्यक्रम के तहत 21 दिसंबर को कलश यात्रा, श्री भागवत स्थापना, वेदी पूजन, गोकर्ण कथा, 22 को कलियुग के दंड परिक्षित श्राप, 23 को विदुर कथा, बाराह अवतार, सती चरित्र, 24 को भरत कथा, जड़ भरत चरित्र, 25 को सागर मंथन, वामन अवतार, 26 को श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव, पुतना वध, बाल लीला, 27 को कंस वध, रुखमण मंगल कथा वर्णन, 28 को परीक्षित मोक्ष और 29 दिसंबर को गीता सार, हवन पूर्णाहुति होगी। शाम को महाप्रसादी का वितरण होगा।

---

# तीन व्यापारियों के खिलाफ अवैध व्यापार के मामले में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मंडी की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर विभिन्न फुटकर व्यापारियों द्वारा भण्डारित धान का जांच की गई जांच के दौरान 3 व्यापारियों के खिलाफ अवैध व्यापार के मामले कार्रवाई की गई। इन व्यापारियों के पास 87 हजार860 रुपए कीमत की 36.20 क्विंटल धान जब्त किया गया।

- 87 हजार रुपए का 36 क्विंटल धान जब्त

धान का अवैध व्यापार के संबंध में जिले में लगातार जांच की जा रही है। इसी कड़ी में आज केलेक्टर के निर्देश पर मंडी की टीम ने मंडी सचिव पवन कुमार मेश्राम के मार्गदर्शन में जांच की टीम में



शामिल मंडी निरीक्षक भूपेश कुमार ठाकुर एवं मंडी उपनिरीक्षक प्रफुल्ल तिवारी ने ग्राम बेल्हारी निवासी डामर चंद राठी द्वारा प्लास्टिक बोरियों में भरकर 15 क्विंटल धान का अवैध रूप से भण्डारण करना पाया। जिसे टीम ने जब्त की हैं। इसी प्रकार टीम ने देवादा निवासी खेमी चंद जैन एवं जामगांव आर निवासी सुभाष केला के खिलाफ भी अवैध व्यापार के मामले कार्रवाई करते हुए क्रमशः 12 एवं 11.20 क्विंटल धान जब्त की मामले में तीनों के खिलाफ मंडी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# 19 व 20 को 17 वार्डों में बनाया जाएगा आयुष्मान कार्ड, लगाए जाएंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर निगम क्षेत्र में शिविर लगाकर छुटे हुए हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर दो दिवसीय घर घर आयुषमान कार्ड शिविर का आयोजन 19 व 20 दिसंबर को 17 वार्डों के लिए अलग-अलग स्थलों में शिविर लगाया जाएगा। जानकारी के मुताबिक सन्तरा बाड़ी वार्ड क्रमांक 26 बुनकर संघ के पीछे, सिकोला बस्ती वार्ड क्रमांक 16 आंगनबाड़ी केंद्र, कसारीडीह पूर्व वार्ड क्रमांक 43 दीपक टेंड हाउस के निकट, केलाबाड़ी वार्ड 41 नवीन पूर्व माध्यमिक शाला, शहीद भगतसिंह दक्षिण वार्ड 19 दुर्गा मंच कैलाश नगर, तकिया पारा वार्ड 08 शराय भवन, चंडी मंदिर वार्ड 33 जैन धर्मशाला, आजाद वार्ड 37 देव प्रिंटर्स के पास, कातुलबोर्ड दक्षिण वार्ड 60 कातुलबोर्ड स्कूल में होगा। स्टेशन पारा वार्ड 22 पार्षद के घर करीब, मोहन नगर पूर्व वार्ड 13 आगनबाड़ी शिव मंदिर के पास, पोटिया कला दक्षिण वार्ड 54 वर्मा एसटीडी पीसीओ के पास में लगाया जाएगा। पद्मनाभपुर पश्चिम वार्ड 45, पद्मनाभपुर पूर्व वार्ड 46 अजय देवांगन के घर के पास, ठेठवार पारा वार्ड 06 शीतला मंदिर, गंजपारा वार्ड 36 बाबा रामदेव मंदिर शक्ति चौरा, मठ पारा दक्षिण वार्ड 3 पार्षद निवास के पास के शिविर लगाया जाएगा।

- अलग-अलग स्थलों में लगाया जाएगा शिविर



---

**बिजली बिल जमा नहीं करने वालों पर हुई कार्रवाई**

# 12 हजार घरों के कटे बिजली कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम जामुलकर ने दुर्ग रीजन के अधीक्षण अभियंताओं, कार्यपालन अभियंताओं एवं सहायक अभियंताओं की बैठक लेकर बकाया राजस्व राशि के वसूली की प्रगति पर समीक्षा करते हुए उपस्थित मैदानी अधिकारियों को निर्धारित समायावधि तक लक्ष्य को हासिल के करने के दिशा-निर्देश जारी किये। समीक्षा बैठक में उन्होंने सभी वितरण केन्द्र एवं जोन कार्यालय वार समस्त निम्नदाब उपभोक्ताओं से बकाया राशि वसूली पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त करते हुए बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं से बकाया राशि वसूली करने के निर्देश प्रसारित किये। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से राजस्व वसूली, डिस्कनेक्शन, ओ एण्ड एम चेकिंग, सतर्कता चेकिंग एवं विभिन्न महत्तपूर्ण विषयों पर जानकारी ली। बैठक में उपस्थित मैदानी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि विभागीय कार्यों में कोताही बरतने वाले विद्युत कर्मियों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने राजस्व वसूली पर प्राप्त जानकारी पर असंतोष जाहिर करते हुए मैदानी अधिकारियों को बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए।बैठक में अधीक्षण अभियंता शहर वृत्त तरुण कुमार ठाकुर, अधीक्षण अभियंता वृत्त एके लखेरा, रीजन के सभी कार्यपालन अभियंता एवं सहायक अभियंता उपस्थित हुए।

- राजस्व राशि की वसूली के प्रगति की ली समीक्षा

### वसूली के लिए विशेष टीम बनाकर चलाया जा रहा अभियान

उल्लेखनीय है दुर्ग रीजन दुर्ग, बालोद, बेमेतरा जिले के अंतर्गत विद्युत विच्छेदन एवं बकाया वसूली के लिए सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं लाईन स्टाफ की टीम गठित कर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान लगभग विगत एक महिने में बिजली बिल जमा नहीं करने वाले 12136 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काट दिये गए हैं एवं 14676 बकायेदार उपभोक्ताओं से 15 करोड़ 75 लाख 69 हजार रुपए की वसूली की गई। मुख्य अभियंता ने मैदानी अधिकारियों को राजस्व वसूली कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कलर अवार्ड मिलने पर एसपी को चेंबर ने दी बधाई

**भिलाई।** जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला को देश का सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रपति कलर अवार्ड से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सम्मानित किया। उनकी उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स के दुर्ग जिला इकाई चैयरमेन पवन बड़जात्या ने एसपी शुक्ला से मुलाकात की और बधाई दी। छत्तीसगढ़ पुलिस को अपनी सत्यनिष्ठा, मानवीय गरिमा और पिछले 24 वर्षों के शानदार ट्रैक रिकार्ड के लिए दुर्ग जिला एसपी जितेंद्र शुक्ला को देश का सर्वोच्च पुलिस सम्मान मिला है।

### सतनाम परियोजना से किया जा रहा जैतखामों का जीर्णोद्धार




**भिलाई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्मजागरण समन्वय गतिविधि अंतर्गत सतनाम परियोजना, दुर्ग के तत्वावधान में दुर्ग जिले के अंतर्गत रखरखाव के अभाव में जीर्ण-शीर्ण स्थिति वाले जैतखाम का किया जा रहा रंगरोगन के साथ जिर्णोद्धार के कार्य। संतशिरोमणि बाबा गुरूबाबाघासीदास के 268वीं जयंती 18 दिसंबर के अवसर पर सभी सेतखाम में सत्य अहिंसा व मानवता के प्रतीक स्वेत ध्वज का होगा ध्वजारोहण होगा। सेवा कार्य में जिला सतनाम परियोजना प्रमुख संजय गायकवाड़, जिला सह प्रमुख सतनाम परियोजना योगेंद्र देशलहरा, समाज सेवी राम बंजारे, प्रांत सह प्रमुख सतनाम परियोजना किशोर कुमार भारद्वाज, धर्म जागरण समन्वय दुर्ग विभाग संयोजक महेश कुमार नायडू की टीम जुटी हुई है।

### खेल भवन की राशि को समाज के भवन को दिया

**भिलाई।** अर्जुन क्रीडा मंडलव व्यायाम शाला समिति भिलाई तीन अध्यक्ष दीपेश शर्मा ने आरोप लगाया है कि नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में जमकर फर्जीवाडा चल रहा है। वार्ड 9 में स्थित अर्जुन क्रीडा मंडल द्वारा संचालित व्यायाम शाला के अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार द्वारा दी गई राशि को अन्य सामाजिक भवन में उपयोग किया गया। लेकिन अजुर्न क्रीडा मंडल के पदाधिकारी भिलाई-चरोदा निगम के इंजीनियर और जनप्रतिनिधियों का चक्कर काटते रहे। व्यायाम शाला में अतिरिक्त भवन की आवश्यकता को देखते हुए पूर्व मंत्री ने 5 लाख रुपए राशि स्वीकृति दी थी। दीपेश शर्मा ने बताया कि बकायदा इसके लिए टेंडर भी जारी हुआ। काफी दिनों बाद उक्त राशि को दूसरे जगह ट्रांसफर किया गया। इसके कारण पदाधिकारियों में आक्रोश है। दीपेश शर्मा ने आरोप लगाया है कि वार्ड पार्षद कुसुम लता चंद्राकर व विपिन चंद्राकर द्वारा लगातार उपेक्षा और विश्वासघात किया जा रहा है।

## निधन

### पुष्पाबेन सरवैया

**भिलाई।** पुष्पाबेन सरवैया पति किशोर भाई (70 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार



रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। 19 दिसंबर को शाम 4 से 5 बजे के मध्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। श्रद्धांजलि सभा गुजराती भवन सड़क 3 सेक्टर 4 में रखी गई है। यह जानकारी शोकाकुल किशोर भाई, चंदू, अमित, अजय सरवैया ने दी।

# हड़तालः बीएसपी सेफ्टी व क्वालिटी सर्किल से कर्मियों के नाम काटने से बढ़ेगा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई की संयुक्त ट्रेड यूनियन ने कार्यपालक निदेशक के नाम का ज्ञापन सौंप कर 28 अक्टूबर की हड़ताल में शामिल कर्मचारियों का नाम सेफ्टी एंड क्वालिटी सर्कल से काटे जाने को बदले की कार्रवाई बताते हुए इसका विरोध किया है और इन कर्मचारियों का नाम जल्द सेफ्टी एवं क्वालिटी सर्किल टीम में जोड़ने की मांग की है। यूनियन ने भविष्य में इस तरह के किसी भी दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई से भिलाई में अशांति निर्मित होने की चेतावनी दी है।

संयुक्त यूनियन के संयोजक वंश बहादुर सिंह ने बताया कि इंटक, बीएमएस, एटक, एचएमएस, सीटू, एक्टू, लोईमू और स्टील वर्कर्स यूनियन ने संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) के नाम का ज्ञापन आईआर विभाग के महाप्रबंधक जेएन ठाकुर को सौंपा, जिसमें यूनियन ने सेफ्टी सर्कल एंड क्वालिटी सर्कल टीम से हड़ताल में शामिल कर्मचारियों का नाम काटे जाने को दुर्भावना पूर्ण बताते हे इनका नाम जल्द जोड़ने की मांग की। यूनियन ने कहा कि 28 अक्टूबर को पूरे सेल में कर्मचारियों ने वेज रिवीजन सहित अन्य जायज मांगों को लेकर हड़ताल किया। बीएसपी के कर्मचारी भी यूनियन के आह्वान पर मांगों को लेकर हड़ताल में शामिल हुए थे। जायज मांगों के लिए शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन और हड़ताल करना कर्मचारियों का वैधानिक अधिकार है। भिलाई में संयुक्त ट्रेड यूनियन के परिपक्व नेतृत्व के कारण हड़ताल शांतिपूर्ण रही। प्रबंधन से इसी तरह की परिपक्वतापूर्ण व्यवहार करने की अपेक्षा की जा रही थी।

## संयुक्त यूनियन ने कार्यपालक निदेशक को सौंपा ज्ञापन



### योग्यता पर निर्भर है सर्किल टीम में शामिल होना

यूनियन के मुताबिक कर्मचारी अपनी इनोवेटिव सोच एवं सेफ्टी के प्रति सजगता व जागरूकता के कारण क्वालिटी सर्किल या सेफ्टी सर्कल में शामिल नहीं हो रहे हैं बल्कि वह प्रबंधन की दया पर टीम में रखे जा रहे हैं। प्रबंधन के इस कदम से टीम में शामिल सदस्यों की छवि खराब हो रही है। संयुक्त यूनियन ने कहा कि प्रबंधन के इस निर्णय से इनोवेटिव सोच रखने वाले कर्मियों से वंचित होने से बीएसपी को नुकसान होगा। यूनियन एवं प्रबंधन के बीच में तनाव की स्थिति निर्मित ना होना चाहिए। इस दौरान इंटक से वंश बहादुर सिंह, पूरन वर्मा बीएमएस से वशिष्ठ वर्मा आईपी मिश्रा सीटू से जगन्नाथ त्रिवेदी अशोक खातरकर एचएमएस से प्रमोद मिश्रा, हरिराम यादव, एटक से विनय मिश्रा, एक्टू से जेएल कुर्रे, लोईमू से सुरेंद्र मोहंती, स्टील वर्कर्स यूनियन से संजय गुप्ता, व सहायक महाप्रबंधक रोहित हरित उपस्थित थे।

## चिकित्सकों व रोगियों की सुविधा के लिए पैरामेडिकल स्टाफ की दरकार

# सेक्टर 1 अस्पताल में 6 डाक्टरों की भर्ती से मरीजों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर 1 बीएसपी अस्पताल में अब लोगों को चेकअप कराने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। बीएसपी प्रबंधन द्वारा यहां 6 चिकित्सकों की नियुक्ति कर दी गई है। इससे मरीजों को जांच के लिए सेक्टर 9 जेएलएन हास्पिटल नहीं जाना पड़ेगा। लेकिन चिकित्सकों की तरह सेक्टर 1 अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की नियुक्ति नहीं किए जाने से चिकित्सकों सहित कार्यरत स्टाफ को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इंटक यूनियन ने नर्सिंग व अन्य जरुरी स्टाफ की जल्द नियुक्त की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि सेक्टर 1 अस्पताल में पिछले लंबे समय से चिकित्सकों और नर्सों की कमी की समस्या बनी हुई थी। इसे देखते हुए प्रबंधन द्वारा पे रोल पर 6 नए डाक्टरों की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही डाक्टरों की संख्या बढ़कर दस हो गई है। अधिकारी वर्ग की संख्या 14 हो गई है। इसके साथ ही यहां मरीजों की तादाद भी बढ़ गई है। लेकिन पर्याप्त नर्सिंग स्टाफ नहीं होने से व्यवस्था संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इंटक ने डाक्टरों की तरह नर्सिंग स्टाफ को भी पे रोल पर रखे जाने की मांग की है। अस्पताल में कुल 12 स्टाफ ही हैं। जबकि ओपीडी प्रतिदिन करीब 2 सौ हो चुकी है। यहां 3 स्टाफ नर्स हैं, जिनमें 1 नर्स इसी महीने सेवानिवृत्त हो जाएंगी। दो कार्यरत फार्मासिस्ट में 1 जनवरी और दूसरा फरवरी में रिटायर हो रहे हैं। इसी तरह अस्पताल में 1 पैथालाजिस्ट व 3 अटेंडेट हैं। पंजीयनकर्मी भी 1 व रेडियोलाजिस्ट 2 ही हैं। यूनियन के मुताबिक चिकित्सकों व स्टाफ के साथ मरीजों की मदद के लिए नर्सिंग सहित अन्य स्टाफ की जरुरत है, ताकि सेक्टर 9 हास्पिटल का भी लोड कम हो सके। विदित हो कि सेक्टर व अस्पताल में हेल्थ सेंटर की तरह मरीजों को चेकअप कर दवाईंयां दी जाती हैं। भर्ती की नौबत आने पर उन्हें सेक्टर नौ अस्पताल में रिफर किया जाता है।

### एक नर्स दिसंबर व दो फार्मासिस्ट डेढ़ महीने बाद हो जाएंगे रिटायर



### छह विभागों की नई ओपीडी व्यवस्था हुई शुरु

सेक्टर एक अस्पताल में छह नए डाक्टरों की नियुक्ति से यहां चेकअप कराने आने वालों को सेक्टर 9 हास्पिटल नहीं जाना पड़ेगा। यहां अब कुल 10 चिकित्सक सेवाएं दे रहे हैं। छह विभागों की नई ओपीडी व्यवस्था शुरु हो गई है। इनमें बच्चों के डाक्टर सोमवार को यूनिट 2 और गुरुवार यूनिट 1 में सेवाएं देंगे। चेस्ट मेडीसीन के चिकित्सक मंगलवार को डां. सुदीप्तो, डां. एके बेनर्जी व शुक्रवार को अतुल, डां. टी दास, आर्थो के चिकित्सक बुधवार को डां. जे दवे और शनिवार डां. वीके बंसल, आंखों के डाक्टर शनिवार को यूनिट 1/2 से नाक, कान व गला के डांक्टर बुधवार व शनिवार डां. नीता शर्मा व मनरोग विभाग में बुधवार को डां. राहुल व शनिवार को डां. अमित नायक सेवाएं देंगे। इनके सहयोग के लिए नर्सिंग स्टाफ की दरकार है। पूर्व में मेडिसीन व अंकोलाजी के ही डाक्टर यहां थे।

### अस्पताल में पानी की किल्लत

सेक्टर 1 अस्पताल में पैरामेडिकल स्टाफ की किल्लत के साथ पानी की भी समस्या बनी हुई है। इसके चलते अस्पताल के स्टाफ और मरीजों को परेशानी होती है। सोमवार को दिनभर जलापूर्ति नहीं हुई। अस्पताल में पानी की स्थाई समस्या नहीं होने से आए दिन पेयजल निस्तार की समस्या बनी रहती है। पेयजल के साथ टायलेट में असुविधा होती है। यूनियन ने पानी की समस्या के स्थाई निदान की मांग की है।

### पैरामेडिकल स्टाफ भर्ती से होगी सुविधा

"सेक्टर 1 अस्पताल में प्रबंधन द्वारा चिकित्सकों की नियुक्ति से मरीजों को सुविधा होगी। लेकिन पैरामेडिकल स्टाफ की कमी होने से सभी को असुविधा हो रही है। जिस तरह डाक्टरों के रिटायर होने के बाद पे रोल पर चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है, उसी तरह पे रोल पर पेरा मेडिकल स्टाफ की भी भर्ती की जरुरत है।

**अनिमेष पसीने,** उप महासचिव, इंटक

# पुलिस भर्ती में अब दस्तावेजों की जांच, तीन जिलों में लगी थी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- अभ्यार्थियों का नहीं हो पाया था सत्यापन

जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा 2023-24 के लिए हाईकोर्ट द्वारा भर्ती पर लगाई गई रोक के दौरान जिन अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन नहीं हो पाया था। उनके लिए नई तिथि जारी कर दी गई है। पुलिस भर्ती प्रक्रिया में हाईकोर्ट बिलासपुर ने बीते 27 नवंबर को रोक लगा दी थी। दुर्ग जिले में जिला पुलिस बल आरक्षक भर्ती प्रक्रिया 16 नवंबर से शुरू थी। यहां दुर्ग रेंज के लिए दुर्ग बालोद और बेमेतरा तीन जिलों के लिए भर्ती शुरू की जा रही थी। इसी दौरान हाईकोर्ट बिलासपुर ने भर्ती प्रक्रिया में रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए फिर से प्रक्रिया को संशोधित प्रावधान के साथ शुरू करने का आदेश दे दिया है। इस दौरान 8 दिसंबर और उसके आगे के प्रवेश पत्र का मान्य किया गया था। 27 से 8 दिसंबर के बीच जारी हुए प्रवेश पत्र को रोक दिया गया था। जिन अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र को रोका गया था। उनके लिए नई डेट तय कर दी गई है। अब वो अपने पुराने तिथि और उसकी जगह तय की गई नई तिथि में तय समय पर अपने दस्तावेजों की जांच के लिए पहुंच सकते हैं। वह लोग नई तिथि और समय पर आकर फिजिकल टेस्ट दे पाएंगे। कोर्ट ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में केवल शहीद पुलिसकर्मियों और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात जवानों के बच्चों को ही छूट मिलनी चाहिए। अन्य सभी अभ्यर्थियों के लिए समान नियम लागू होंगे।अब 1 से 10 जनवरी दुर्ग, राजनांदगांव 25 दिसंबर से 3 जनवरी तक चलेगा।

### सीएम पत्नी ने किया वैद्यराज को सम्मानित



**भिलाई।** गढ़िया महोत्सव 2024 में वैद्यराज वाई अप्पल नायडू को प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सीएम पत्नी कौशिल्या साय के हाथों सम्मानित किया गया। वैद्यराज अप्पल नायडू लंबे समय से लोगो का निःशुल्क हजारों की संख्या में अब तक उपचार कर चुके है। श्री नायडू ने बताया कि उनके हाथों से पूर्व पीएम, मंत्री अफसरों का उपचार कर चुके है। इनके यहां उपचार करने भिलाई दुर्ग समेत दीगर राज्यों से भी मरीज पहुंचते है।

## आंबा सहायिकाओं की नियुक्ति सूची को मिली हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- सलाहकार समिति की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में हुई

नगर पालिक निगम भिलाई के महिला एवं बाल विकास विभाग के सलाहकार समिति की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना भिलाई-1 विभाग से खुर्सीपार वार्ड क्रमांक 48 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, फौजी नगर वार्ड क्रं. 24 आंगनबाड़ी सहायिका, शंकर नगर छावनी वार्ड क्रं. 41 आंगनबाड़ी सहायिकाए शिवाजी नगर वार्ड क्रं. 37 आंगनबाड़ी सहायिका के नियुक्ति के लिए तैयार सूची को अनुमोदन के लिए रखी गई। अंतिम मूल्यांकन पत्रक मेरिट के आधार पर सूची तैयार करके दावा-आपत्ति के लिए प्रकाशन किया गया था। प्राप्त दावा-आपत्ति के निराकरण के पश्चात अंतिम चयनित सूची महापौर परिषद के समक्ष स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करने के पूर्व सलाहकार समिति में रखी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के सलाहकार समिति द्वारा मूल्यांकन परीक्षण किया गया। महापौर नीरज पाल एवं सलाहकार समिति के सदस्यो द्वारा सभी चयनित हितग्राहियों का वरिष्ठता सूची को देखा। परीक्षण में चयनित हितग्राहियो के चयन को सही पाया गया। सर्व सम्मति से एमआईसी में भेजे जाने हेतु स्वीकृति प्रदान किया गया। महापौर नीरज पाल ने बताया इससे वार्ड क्रं. 48, 24, 41 एवं 37 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का चयन हो जाने से आंगनबाड़ी के स्थानीय आवश्यकताओ की प्रतिपूर्ति होगी। वार्ड वासियों को लाभ मिलेगा। मूल्यांकन समिति में उपस्थित सदस्य पार्षद साधना सिंह, अंजू सिन्हा, नोमिन साहू, लक्ष्मी गोपाल, उषा शर्मा, अजय शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## सीबीआई और ईडी बनकर डिजिटल अरेस्ट करने का झांसा, दो गिरफ्तार

- डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 49 लाख की ठगी

**भिलाई।** सीबीआई और ईडी बनकर डिजीटल अरेस्ट का झांसा देकर 49 लाख रुपए का ठगी करने का मामाला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस व 66 डी आई.टी. एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि 16 नवंबर को रूआबांधा निवासी इंद्रप्रकाश कश्यप ने शिकायत किया कि अज्ञात नम्बर से व्हाट्सअप कॉल से ट्राई के नाम से फोन आया। उसके बाद अज्ञात ने विभिन्न नंबरों से व्हाट्सअप कॉलिंग कर स्वयं को सीबीआई, ईडी और सुप्रीम कोर्ट के गिरफ्तारी वारंट, नोटिस भेजकर डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाया गया। इसके एवज में 49 लाख रुपए का ठगी किया गया। पुलिस जांच में टीम ने पूर्व में प्रकरण के आरोपी खाता धारक बापू श्रीधर भराड़ को उसके गृह ग्राम राहे गांव थाना बैजापूर जिला संभाजीनगर महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त आरोपी से पूछताछ के दौरान अपने आईसीआईसीआई बैंक के एकाउंट डिटेल,एटीएम कार्ड, इन्टरनेट बैंकिंग का यूजर नेम व पासवर्ड, बैंक में सिम को सोमनाथ धोबले के माध्यम से शेख नवीद नाम के व्यक्ति को ठगी की घटना के लिए दिया जाना स्वीकार किया। जिसके आधार पर पुलिस टीम ने तकनीकी जानकारी जुटाकर दो अन्य आरोपियों की पतासाजी में जुटी हुई है। जांच में आरोपी सोमनाथ धोबले की उपस्थित बीड़ महाराष्ट्र, शेख नवीद की पुणे महाराष्ट्र में होने की जानकारी मिली है। आरोपियों को पकड़ने दो अलग-अलग टीमें पुणे व बीड़ महाराष्ट्र रवाना किया गया था। टीम ने आरोपी सोमनाथ धोबले को समर्थ नगर बीड़ से पकड़ा गया। आरोपी शेख नवीद को किराये के मकान कोंढ़वा पुणे महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया।

# बीमा राशि का उल्लेख नहीं होने से कर्मी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- सेवा ट्रस्ट के मामले में प्रबंधन से मिला सीटू

सेवा ट्रस्ट के सामूहिक बीमा के मामले में जारी सर्कुलर को लेकर सीटू ने बीएसपी के महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध से मिलकर मानव संसाधन विभाग के मुख्य महाप्रबंधक एवं कार्यपालक निदेशक के नाम पत्र देकर अविलंब दखल देने की मांग की। वर्तमान में प्रबंधन द्वारा जारी ई सहयोग में सेवा ट्रस्ट के तहत बीमा लेने या नहीं लेने के मामले में कर्मियों से 15 दिसंबर तक सहमति मांगी जा रही है लेकिन इसके लिए प्रीमियम भुगतान कितना करना पड़ेगा और कितनी राशि की बीमा हो रही है। इसका कोई उल्लेख नहीं है। यदि इस सर्कुलर में बीमा राशि और अनुमानित प्रीमियम राशि का उल्लेख किया होता तो कर्मियों को निर्णय लेने में ज्यादा सरलता होगी। कर्मियों ने बताया कि सेवा ट्रस्ट के बीमा से संबंधित जारी सूचना के कारण कर्मियों में असमंजस की स्थिति निर्मित हो गई है और बीमा लेने की स्थिति में प्रीमियम यदि दुगुना हो गया तो निर्णय गलत हो सकता है।

सीटू के महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी ने बताया कि 2011 में सेवा ट्रस्ट का चुनाव करवाया गया था उसके 5 साल के बाद पुनः चुनाव होना था किंतु उस चुनाव को नहीं करवाया गया तब से लेकर आज तक 2011 की टीम ही काम कर रही है जो वैधानिक नहीं है। इसीलिए सीटू ने तत्काल ट्रस्ट कमेटी को भंग कर नई कमेटी गठित होते तक वैकल्पिक व्यवस्था किया जाए। गठन के लिए सीटू ने 9 मार्च 2023 को पत्र दिया था।

## संघ की शिकायत पर आयुक्त राजीव ने दिए थे निर्देश

# राजस्व अधिकारी से दुर्व्यवहार, आरोपी को गिरफ्तार करने प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ संबंद्ध भारतीय मजदूर संघ ने निगम गेट में सहायक राजस्व अधिकारी जोन एक के द्वारा कुर्की राशि की वसूली के दौरान हुए अर्मयादित व्यवहार एवं गाली गलौच के आरोपी की गिरफ्तार की मांग को लेकर निगम सुपेला गेट में सांकेतिक प्रदर्शन किया। 12 दिसम्बर को सम्पत्तिकर राशि की वसूली हेतु जोन एक के सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी अपनी टीम के साथ हरी चौहान के दुकान पर पहुंचे थे। चौहान से राशि की मांग करने पर उसने जोन एक के राजस्व अमले के साथ अर्मयादित व्यवहार करते हुए गाली-




गलौज किया इसके विरोध में संघ के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने निगम गेट में नारेबाजी कर आरोपी के गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शन के दौरान महासचिव शरद दुबे, रीता चतुर्वेदी, रामवृक्ष यादव, कृष्णा देशमुख, शशि भूषण मोहंती, रोहित बंजारे, वामन राव, महेश वर्मा, बसंत साहू, अर्पित द्विवेदी, नीति लता विश्वकर्मा, निशा यादव, सुनील जोशी,संतोष पाण्डेय, उन्मेश साहू, दिलीप हुमने, दिलीप गायकवाड, डी. रवि, अशोक कश्यप,युवराज साहू, गिरधर वर्मा, प्रसन्न तिवारी, नवीन साहू सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### आरोपी का अवैध ठेला हटाया

नेहरू रोड में जी. ई. रोड के समीप हरि चौहान अवैध ठेला लगा कर व्यवसाय संचालित कर रहा था। संघ की शिकायत पर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन आयुक्त को निर्देश दिए थे कि जांच कर अवैध पाये जाने पर बेदखली की कार्यवाही करें। मंगलवार दोपहर जोन एक का राजस्व अमला मौके पर पहुँच कर अवैध ठेला को हटाया।

